4 रायपुर संभाग
संस्थागत प्रसव कराने में स्वास्थ विभाग नाकाम

6 फिल्मी
रोमांटिम फिल्म का हिस्सा बनते प्रियंका...

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर का आयोजन

10 फीचर
भारत ऑरिजिन की नहीं है, देश...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 30 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-129 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक अपरान्ह 3.30 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी। साय मंत्रिपरिषद की इस साल की यह आखिरी बैठक होगी।

### मतदाता सूची पर भ्रम पैदा कर गुनाहों पर पर्दा डालने की कोशिश में केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा ने फर्जी मतदाताओं के मुददे पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है और उन पर मतदाता सूची को लेकर लोगों के बीच भ्रम पैदा करके अपने गुनाहों पर पर्दा डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि भाजपा बार-बार कह रही हैं कि दिल्ली में अवैध वोटरों को बसाने का काम केजरीवाल और आप कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अवैध मतदाताओं को लेकर हमने कई साक्ष्य दिए हैं, इसके बावजूद केजरीवाल लोगों में भ्रम पैदा करके अपने गुनाहों पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा की सरकार बनते ही अतिथि शिक्षक होंगे नियमित : चंदोलिया

**नयी दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश के महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनते ही अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाएगा। इससे पहले चंदोलिया अतिथि शिक्षक लोकतांत्रिक मंच की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे अतिथि शिक्षकों के मुद्दे को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के समक्ष रखेंगे और भाजपा की सरकार आते ही सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाएगा।

### साथी नेताओं को डरा व भ्रमित कर रखते हैं केजरीवालः सचदेवा



**नयी दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने साथी नेताओं को डराकर तथा राजनीतिक रूप से भ्रमित करके रखते हैं। सचदेवा ने रविवार को केजरीवाल के उस बयान पर टिप्पणी करते हुए ये बातें कहीं, जिसमें केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा ने जांच एजेंसियों को दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले आप नेताओं के यहां छापे मारने तथा परिवहन विभाग में फर्जी मामला बना कर मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।

# मनोरंजन उद्योग का देश की प्रगति, अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्म और मनोरंजन जगत की चर्चा करते हुए कहा कि यह उद्योग न सिर्फ देश की प्रगति में बड़ा योगदान दे रहा है, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यम 'मन की बात' की 117वीं कड़ी के संबोधन में इस उद्योग के योगदान की विस्तार पूर्वक चर्चा की। मोदी ने कहा, हमारी एनीमेशन फिल्मों, सामान्य फिल्मों, टीवी सीरीज की प्रसिद्ध दिखाती है कि भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री में कितनी क्षमता है। यह इंडस्ट्री न सिर्फ देश की प्रगति में बड़ा योगदान दे रही है, बल्कि, हमारी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। उन्होंने आगे कहा, हमारी फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री बहुत विशाल है। देश की कितनी ही भाषाओं में फिल्में बनती हैं। क्रिएटिव कंटेंट बनता है। मैं अपनी फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को इसलिए भी बधाई देता हूँ, क्योंकि उसने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव को सशक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपको एक और खुशखबरी देना चाहता हूँ। भारत की क्रिएटिव टैलेंट को दुनिया के सामने रखने का एक बहुत बड़ा अवसर आ रहा है। अगले साल हमारे देश में पहली बार वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंटरटेनमेंट समिट का आयोजन होने वाला है। उन्होंने कहा, आप सभी ने दावोस के बारे में सुन होगा जहां दुनिया के अर्थजगत के महारथी जुटते हैं। उसी तरह वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंटरटेनमेंट समिट में दुनिया-भर की मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के दिग्गज, क्रिएटिववर्ल्ड के लोग भारत आएंगे। यह समिट भारत को ग्लोबल कंटेंट क्रिएटर का मुख्य केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मोदी ने कहा, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस समिट की तैयारी में हमारे देश के यंग क्रिएटर भी पूरे जोश से जुड़ रहे हैं। जब हम 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी की ओर बढ़ रहे हैं, तब हमारी क्रिएटर इकोनामी एक नई ऊर्जा ला रही है। मैं भारत की पूरी एंटरटेनमेंट और क्रिएटिव इंडस्ट्री से आग्रह करूंगा, चाहे आप युवा क्रिएटर हों या एस्टेब्लिशमेंट आर्टिस्ट, बॉलीवुड से जुड़े हों या क्षेत्रीय सिनेमा से, टीवी इंडस्ट्री के लोग हों, या एनीमेशन के के विशेषज्ञ, गेम से जुड़े हों या एंटरटेनमेंट टेक्नोलॉजी के इनोवेटर, आप सभी इस समिट का हिस्सा बनें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का प्रकाश कैसे दुनिया के कोने-कोने में फैल रहा है। मैं आपको तीन महाद्वीपों से ऐसे प्रयासों के बारे में बताऊंगा जो हमारी सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक विस्तार की गवाह है। ये सभी एक दूसरे से मिलों दूर हैं, लेकिन भारत को जानने और हमारी संस्कृति से सीखने की उनकी ललक एक जैसी है। उन्होंने कहा, पेंटिंग का संसार जितना रंगों से भरा होता है, उतना ही खूबसूरत होता है। आप में से जो लोग टीवी के माध्यम से 'मन की बात' से जुड़े हैं, वे अभी कुछ पेंटिंग टीवी पर देख भी सकते हैं। इन पेंटिंग में हमारे देवी-देवता, नृत्य की कलाएं और महान विभूतियों को देखकर आपको बहुत अच्छा लगेगा। इनमें आपको भारत में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं से लेकर और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। इनमें ताजमहल की एक शानदार पेंटिंग भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस पेंटिंग को 13 साल की एक बच्ची ने बनाया है। आपको ये जानकार हैरानी होगी इस दिव्यांग बच्ची ने अपने मुहँ से इस पेंटिंग को तैयार किया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की 'मन की बात' में बस्तर ओलंपिक आयोजन की प्रशंसा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की 117वीं कड़ी में देश को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित बस्तर ओलंपिक-2024 की प्रशंसा की। मोदी ने कहा पहली बार हुए बस्तर ओलंपिक से बस्तर में नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलंपिक का सपना साकार हुआ है। यह ओलंपिक उस क्षेत्र में हो रहा है जो जगह कभी माओवादी हिंसा का गवाह रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक का शुभंकर है वनभैंसा और पहाड़ी मैना। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है। इस बस्तर खेल महाकुंभ का मूलमंत्र है, 'करसाय ता बस्तर, बरसाय ता बस्तर' यानी खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर। प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर ओलंपिक-2024 की सराहना करते हुए कहा कि पहली ही बार में बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के 7 जिलो के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया है। यह सिर्फएक आंकड़ा नहीं युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है। एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबडडी, खो-खो और बॉलीवॉल हर खेल में हमारे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में बस्तर ओलंपिक के प्रतिभागियों के उत्साह का भी जिक्र किया। उन्होंने बस्तर की कारी कश्यप का जिक्र करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव से आने वाली कारी ने तीरंदाजी में रजत पदक जीता है, वे कहती हैं बस्तर ओलंपिक ने हमें खेल का मैदान नहीं जीवन में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुकमा की पायल कवासी की बात भी कम प्रेरणादायक नही है, जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पायल जी कहती हैं कि अनुशासन और कड़ी मेहनत से जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर के दोरनापाल में रहने वाले पुनेम सन्ना की कहानी को नए भारत की प्रेरक कथा बताते हुए कहा कि एक समय नक्सलियों के प्रभाव में आए पुनेम व्हीलचेयर पर दौड़कर मेडल जीत रहे हैं, उनका साहस और हौसला हर किसी के लिए प्रेरणा है। कोंडागांव के तीरंदाज रंजू सोरी को बस्तर यूथ आइकॉन चुना गया है, उनका मानना है बस्तर ओलंपिक दूरदराज के युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर दे रहा है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों की ओर से जताया आभार

## ईडी की कार्रवाई के बाद लखमा ने कहा- मैं तो अनपढ़ हूं, मुझे अंधेरे में रखा गया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले पर ईडी ने कोंटा विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घरों पर छापा मारा था। इस कार्रवाई के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए कवासी लखमा का चेहरा बुझा बुझा सा नजर आ रहा था, मीडिया के सामने खुद को बेकसूर बताते हुए कवासी लखमा ने ईडी की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया। लखमा ने कहा- मैंने विधानसभा में सड़क निर्माण के ठेके, छात्रावास आश्रमों में आदिवासी बच्चों की मौत जैसे गंभीर मुद्दे उठाए थे। इन मामलों में भाजपा सरकार घिरी हुई है और इसलिए छापेमारी कराई गई है। जिसको लेकर कवासी लखमा ने कहा कि, मैं अनपढ़ हूं अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। मुझको अंधेरे में रखा गया मुझे इस घोटाले के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कवासी लखमा ने खुद को अनपढ़ बताते हुए कहा कि एक अनपढ़ व्यक्ति भला कैसे हजारों करोड़ का घोटाला कर सकता है? कवासी लखमा ने कहा कि उनके एवं उनकी पत्नी के नाम पर मात्र एक एक बैंक अकाउंट है। शराब घोटाले में अपना हाथ होने से साफ इंकार करते हुए कवासी लखमा ने कहा कि यह पुराना मामला है और अब कार्रवाई की जा रही है, यह भी संदेहास्पद है। दरअसल, ईडी की टीम ने कोंटा विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर दबिश दी थी। ईडी की टीम ने कोई जबरदस्ती नहीं किया 2 जनवरी तक सम्पत्ति की जानकारी देने का समय दिया है।

## सड़क हादसे में दो की मौत,दो घायल

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के धमधा और नंदिनी के बीच रविवार को कार पेड़ से टकरा गई व इसके बाद कार में आग लग गई जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, धमधा और नंदिनी के बीच एक कार पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराते ही कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। नंदिनी थाना के टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि आग लगने से वाहन चालक अमित ताम्रकार (30) पिता महेंद्र ताम्रकार निवासी धमधा और उसका साथी आदित्य कसेर (33) पिता अशोक कसेर निवासी धमधा की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## जीवन और मृत्यु के बीच महाकुंभ स्नान की आस्था

वार्ता ‹ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com



दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेला केवल धार्मिक और आध्यत्मिकता का केंद्र नहीं है बल्कि यह जीवन को नई दिशा देने वाली प्रेरणा स्रोत के साथ करोड़ों सनातनियों की आस्था का प्रतीक है। झूंसी क्षेत्र स्थित आह्वान अखाड़े के शिविर में हरियाणा के नागा संत इंद्र गिरी महराज 95 फीसदी खराब फेफड़े के बावजूद जीवन और मृत्यु के बीच आस्था का प्रतीक महाकुंभ शाही स्नान की चाहत में यहां पहुंचे हैं। शारीरिक रूप से चलने फिरने में असमर्थ उनका जीवन ऑक्सीजन सिलेंडर पर निर्भर हैं। हमेशा उनके साथ एक ऑक्सीजन सिलेंडर जुड़ा रहता है। इंद्र गिरी महराज ने बताया कि 2021 हरिद्वार कुंभ से उनको यह समस्या है। वहां अग्नि तपस्या के दौरान शरीर पर पानी गिरने से हुई। सर्द-गर्म के बाद उनका फेफड़ा एकदम जाम हो गया। छह ऑपरेशन हुआ, गणपति भगवान की कृपा से सब ठीक हो गया लेकिन चलने-फिरने की मनाही हो गयी। चिकित्सकों ने कहा अब ऑक्सीजन का ही सहारा रहेगा। इसलिए उनके साथ एक ऑक्सीजन का सिलेंडर हमेशा लगा रहता है। उन्होंने बताया कि उनकी आखिरी इच्छा महाकुंभ मेले में मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी का शाही स्नान कर कुशलता पूर्वक वापस हरियाणा आश्रम पहुंचना है। चिकित्सकों के महाकुंभ में शिरकत करने की सख्त मनाही के बावजूद मोक्षदायिनी गंगा के प्रति उनका अगाध श्रद्धा और इष्टदेव गजानन के प्रति अटूट आस्था और विश्वास का परिणाम है कि इस विकट परिस्थिति में भी वह महाकुंभ में स्नान करने 22 दिसंबर को यहां पहुंचे हैं।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को अपने निवास कार्यालय में बैठकर सुने। मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा को प्रदेश के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि बस्तर के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करना न केवल हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजनकर्ताओं, खिलाड़ियों और बस्तर के सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन ने बस्तर को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल महाकुंभ नहीं, बल्कि बस्तर में एक नई सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक ने उस क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह था। इस आयोजन का शुभंकर वन भैंसा और पहाड़ी मैना बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। आयोजन का मुख्य संदेश है खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर। प्रधानमंत्री ने इस आयोजन में शामिल खिलाड़ियों की प्रेरणादायक कहानियों का भी उल्लेख किया और इसे बस्तर के विकास और युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेलों को बढ़ावा देने का मंच नहीं है, बल्कि यह युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रहा है।

## योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति को महाकुंभ के लिए किया आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को महाकुंभ 2025 के लिए आमंत्रित किया। योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को महाकुंभ 2025 के लिए आमंत्रित किया और उन्हें महाकुंभ के प्रतीक चिन्ह भेंट किये। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ 2025 के प्रतीक चिन्ह दिए जिनमें एक शाल, श्रीफल का प्रतिरुप तथा अन्य प्रतीक चिन्ह शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हृदयतल से आभार। योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मिजोरम के राज्यपाल वी के सिंह को भी महाकुंभ 2025 आने का न्योता दिया था।

## सरकार जिद्द छोड़ अविलम्ब बीपीएससी 70वीं पीटी की पुनर्परीक्षा की घोषणा करे : राजद

**पटना।** बिहार राष्ट्रीय जनता दल प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बिहार लोक सेवा आयोग अभ्यर्थियों की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि पार्टी बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ खड़ी है। गगन ने कहा,नेता प्रतिपक्ष मुख्यमंत्री को दो-दो बार पत्र लिखकर बीपीएससी 70 पीटी की पुनर्परीक्षा लेने का आग्रह कर चुके हैं। राजद प्रवक्ता ने बिहार की एनडीए सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि कि सरकार यदि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगी तो इसे किसी भी हाल में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। अभ्यर्थियों के साथ ऐसा व्यवहार आज तक कभी नहीं हुआ। जैसा व्यवहार पिछले कुछ दिनों से उनके साथ हो रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह कहते हुए शर्म महसूस हो रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री पद पर ऐसे व्यक्ति बैठे हुए हैं जो जेपी आन्दोलन के नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे।

### बैंकॉक, थाईलैंड से जेजू एयर की उड़ान 7सी2216 रनवे से फिसल गई और रनवे की बाहरी दीवार से टकराया

# दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, अब तक 167 की मौत

वार्ता ‹ सोल
www.dailypioneer.com



दक्षिण कोरिया के परिवहन मंत्रालय की जांच इकाई ने दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स सुरक्षित कर लिए हैं, जिससे विमान में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गयी। परिवहन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। भूमि, बुनियादी ढांचा और परिवहन मंत्रालय के एक अधिकारी ने टेलीविज़न प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए उड़ान डेटा और वॉयस रिकॉर्डर दोनों को तलाश कर लिया गया है। दक्षिण कोरिया के 173 और दो थाई नागरिकों सहित 175 यात्रियों के साथ-साथ छह फ्लाइट अटेंडेंट को लेकर जा रहा यात्री विमान लगभग 9:07 बजे राजधानी सोल से लगभग 290 किमी दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बैंकॉक, थाईलैंड से जेजू एयर की उड़ान 7सी2216 रनवे से फिसल गई और रनवे की बाहरी दीवार से टकरा गई, जिससे उसका धड़ आधा टूट गया और उसमें आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार विमान में सवार 181 लोगों में से केवल 33 और 25 वर्ष की आयु के दो बचाए गए चालक दल के सदस्यों को छोड़कर अधिकांश को मरा हुआ समझ लिया गया है। लापता शवों को बरामद करने के लिए अभियान जारी है। अग्निशमन अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि दुर्घटना पक्षी के टकराने के कारण हुई होगी जिसके कारण लैंडिंग गियर विफल हो गया। लैंडिंग का पहला प्रयास करने के बाद लैंडिंग गियर की अनुमानित खराबी के कारण विमान हवा में घूम गया और बेली-लैंडिंग के साथ लैंडिंग का दूसरा प्रयास किया जिसके परिणामस्वरूप दीवार से टकरा गया। एक टीवी फुटेज में आग की लपटों से घिरे बोइंग 737-800 से काले धुएं का बड़ा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अन्य फुटेज में विमान के दाहिने पंख पर एक इंजन उतरने का प्रयास करने से पहले आग की लपटों के साथ धुआं छोड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना का सही कारण पता लगाने में कम से कम महीनों से लेकर सालों तक का समय लग सकता है।



# रसायन रहित बागवानी खेती ही कारगर प्राकृतिक उद्यानिकी खेती को मिले बढ़ावा : राज्यपाल बागडे

एजेंसी ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कृषि उद्यानिकी के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का आह्वान करते हुए कहा है कि कृषि विश्वविद्यालयों को देश में रसायन रहित कृषि के लिए वातावरण निर्माण किए जाने की जरूरत है। बागडे अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ द्वारा उद्यानिकी फसलों के संरक्षण विषयक आयोजित 16वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से रोग ही नहीं बढ़ रहे बल्कि धरती की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो रही है। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने पानी बचाकर उसके निर्माण के लिए भी देशभर में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कम पानी से होने वाली फसलों, फल, फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी कृषि विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए भी आवश्यक रूप से कार्य करने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन द्वारा 2008 में प्रस्तुत कृषि सुधारों की बनी समिति के सुझावों पर चर्चा करते हुए कहा कि लाभकारी कृषि के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कृषि उद्यानिकी के प्राचीन ज्ञान के आलोक में कृषि की नवीन तकनीक से खेती को लाभकारी किए जाने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि हमारे यहां धीरे धीरे जंगल कम होता जा रहा है। पहले अनाज जब नहीं होता था और खेती की पैदावार नहीं थी तब उद्यानिकी फसलों पर ही मनुष्य निर्भर था। पर धीरे धीरे इस दिशा में ध्यान नहीं देने के कारण जंगलों में बहुत सी उद्यानिकी फसलें लोप हो गई। उन्होंने स्थान विशेष की जलवायु के अनुरूप उद्यानिकी फसलों के अधिकाधिक उत्पादन के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में विश्वविद्यालय के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी फॉर टिश्यू कल्चर का शिलान्यास किया। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत गेंहू और अन्य नवीन कृषि उत्पाद प्रौद्योगिकी का भी शुभारंभ किया वहीं उन्होंने माइक्रोस्कोप से फसलों में सूक्ष्म कीट परीक्षण भी किया और विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण किया। आरंभ में कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने संरक्षित खेती के साथ राष्ट्रीय सिंपोजियम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पद्मडा. बी. एस. ढिल्लो, अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और बागवानी विश्वविद्यालय उत्तराखंड के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल, अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ के कार्यकारी सचिव प्रो. दिनेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## झारखंड के पुंदाग में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बांटे कंबल

**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण मे कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर, पुंदाग मे असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों को 140 कंबल का वितरण किया गया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने आज कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षों से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। तथा जरूरतमंदों को राहत दिलाने मे हमेशा सदैव तत्पर रहता है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं इसकी जितनी सेवा करें कम है।

# रेलवे ने सोमवार को पंजाब में 106 ट्रेनें की रद्द

एजेंसी ◀ फगवाड़ा
www.dailypioneer.com



विभिन्न किसान संगठनों के 'पंजाब बंद' के आह्वान के कारण उत्तर रेलवे ने सोमवार को पंजाब में 106 मेल, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है।

रेलवे अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए शाम को इस संवाददाता को बताया कि इस आशय का निर्णय दोपहर लिया गया और पंजाब के सभी संबंधित रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश ट्रेनें सोमवार को केवल अंबाला और दिल्ली या सहारनपुर की ओर से ही चलेंगी। इस बीच सोमवार को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक सड़क और रेल यातायात स्थगित रहेगा क्योंकि इस दौरान पीआरटीसी सहित बस ऑपरेटर और टैक्सियां भी नहीं चलेंगी। सब्जी मंडियां, अनाज मंडियां और अन्य व्यावसायिक दुकानें भी नौ घंटे के लिए बंद रहेंगी। बार एसोसिएशन फगवाड़ा के अध्यक्ष करणजोत सिंह झिक्का और वरिष्ठ एडवोकेट ललित चोपड़ा ने आंदोलनकारी किसानों को पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है और केंद्र और राज्य सरकार से किसानों की समस्याओं को हल करने और मानव जीवन को बचाने के लिए जल्द ही पहल करने की मांग की है। राजस्व पटवार यूनियन पंजाब ने पहले ही किसानों को अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी है।भारतीय किसान यूनियन (दोआबा) के महासचिव सतनाम सिंह साहनी ने लोगों से सोमवार के पंजाब बंद में सहयोग करने और भाग लेने की अपील की है।

# पंजाब में थानों पर ग्रेनेड हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) - इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई-पाकिस्तान) द्वारा समर्थित एक पाक प्रायोजित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जो ग्रेनेड हमलों के लिए जिम्मेदार है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बटाला पुलिस ने घनी के बांगर पुलिस स्टेशन, बटाला और वडाला बांगर पुलिस पोस्ट, गुरदासपुर पर ग्रेनेड हमलों के दो हाई-प्रोफाइल मामलों को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अथक प्रयासों के बाद, आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें मास्टरमाइंड अभिजोत सिंह भी शामिल है, जो आर्मेनिया में रहते हुए विदेशी हैप्पी पासियन और शमशेर उर्फ हनी के निर्देशों पर काम कर रहा था। डीजीपी यादव ने कहा कि दो आरोपियों को बरामदगी के लिए ले जाया गया जहां हिरासत से बचने के लिए पुलिस टीम पर हमला करने पर , जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। उन्हें बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पूरे आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करने के लिए जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए लोगों से एक 9एमएम ग्लॉक 26 पिस्तौल (ऑस्ट्रिया में निर्मित) और छह जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

# मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली में शामिल हो एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा : अनिल कुमार

एजेंसी ◀ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार बहुजन समाज पार्टी के प्रभारी अनिल कुमार ने सरकार से एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा कोमान्यता देने और इसे मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली में शामिल करने की मांग की है। 'नेशनल एक्यूप्रेशर एसोसिएशन' और 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफअल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च सेंटर' के संयुक्त तत्वाधान में 10वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बसपा के प्रभारी कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कुमार ने अपने संबोधन में एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने और रोजगार प्रदान करने वाली एक सशक्त शिक्षा प्रणाली है। उन्होंने सरकार से इस चिकित्सा प्रणाली को मान्यता देने और इसे मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली में शामिल करने की मांग की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विकास सिंह ने इस चिकित्सा पद्धति की सरलता और सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, और अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी हैं। संस्था की सचिव डॉ. प्रिया प्रियदर्शनी ने प्राकृतिक चिकित्सा की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर की आंतरिक ऊर्जा को संतुलित कर काम करती है। संस्था के कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील प्रसाद ने नाड़ी शोधन और स्वर विज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कैसे इन तकनीकों का उपयोग जीवन को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता ओ. पी. शर्मा ने किया। संस्था की कार्यालय सचिव डॉ. नम्रता और अन्य सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस आयोजन में डॉ. निखिल, डॉ. सुजाता, डॉ. रेखा, डॉ. पवन, दृष्टि, नबीला और अन्य सहयोगियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया को मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी



एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनका विस्तृत अनुभव और दृष्टिकोण हिमाचल प्रदेश को लाभान्वित करेगा और न्याय की भावना को और ऊंचाई प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि न्यायमूर्ति संधावालिया की न्यायिक सूझ-बूझ राज्य में न्याय के सिद्धांतों को कायम रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान देगी।

# व्यापारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 32 लाख की लूट का खुलासा

**बाड़मेर।** राजस्थान में बाड़मेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 दिसंबर को एक व्यापारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 32 लाख रुपये लूट की वारदाता का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि महावीर चौक के पास 20 दिसंबर की रात मोटरसाइकिल पर जा रहे व्यापारी संजय कुमार और अशोक कुमार जैन को कार में सवार तीन चार बदमाशों ने रोककर उनकी लाठी एवं लोहे की छड़ी से मारपीट की और उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 32 लाख रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए इस मामले की जांच के लिये विशेष जिला पुलिस और थाना पुलिस दल का गठन किया गया। मीना ने बताया कि इन दलों ने बाड़मेर शहर, इन्द्रानगर, इन्द्रा कॉलोनी, रोहिड़ा पाड़ा, भादरे, झणकली, बालोतरा, कल्याणपुर, लूणी जोधपुर एवं अन्य सम्भावित स्थानों पर करीब एक हजार किलोमीटर तक 300 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर और अन्य माध्यम के जरिए आरोपियों की जानकारी हासिल की। जांच के दौरान कार मालिक पता लगाकर उससे गहन पूछताछ की। उससे पूछताछ के बाद चार अन्य आरोपियों को कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों के नाम बाद में उजागर किये जायेंगे।




# जीएनडीयू की परीक्षाएं स्थगित, अब 12 जनवरी को होंगी

**अमृतसर।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि पंजाब बंद के कारण मूल रूप से सोमवार को होने वाली सभी वार्षिक और सेमेस्टर (सिद्धांत) परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। ये परीक्षाएं अब यानी 12 जनवरी, 2025 को उसी समय और परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी, जैसा कि पहले निर्धारित किया गया था। यह अपडेट शुक्रवार, 20 दिसंबर को होने वाली परीक्षाओं के पहले के स्थगन के बाद आया है, जिन्हें पुनर्निर्धारित किया गया था और सोमवार, 30 दिसंबर को आयोजित किया जाना था। प्रोफेसर इंचार्ज परीक्षाएं, प्रो. शालिनी बहल ने कहा कि छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक जानकारी और अपडेट के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।

## कैमूर में पिक वैन से भारी मात्रा में शराब जब्त

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में शराब जब्त की है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि एक वाहन से शराब कारोबारी भारी मात्रा में शराब लेकर जाने वाले हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए घेघीया मोड़ के तरफसे आने वाले वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। वाहन चेकिंग के दौरान तेजी से आ रहा एक पिकअप वाहन अचानक रूक गया । इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर चालक समेत अन्य लोग फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि वाहन के जांच के क्रम में नमक के बोरे के नीचे छिपा कर रखे अलग-अलग ब्रांड के कुल- 312.12 लीटर विदेशी शराब को बरामद किया गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी की जा रही है। मामले में बिहार मद्यनिषेध संशोधन अधिनियम 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



# 'मन की बात' में उठाये गये मुद्दों ने समाज का नयी दिशा व प्रेरणा दी : चौधरी

एजेंसी ◀ किशनगढ़
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों ने समाज को नयी दिशा और प्रेरणा दी है। चौधरी ने अपने किशनगढ़ स्थित आवास एवं कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ प्रधानमंत्री मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव ही प्रेरणादायक होता है, जिससे जनहित में कार्य करने के लिये नयी ऊर्जा प्राप्त होती है। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिन विषयों को उठाया, वे देश और समाज के उत्थान के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि उनका स्वास्थ्य क्षेत्र में मलेरिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई का जिक्र और प्रयागराज महाकुंभ- 2025 में एआई चैटबोट जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का आह्वान हमारे देश को उन्नति के पथ पर ले जाने के प्रतीक हैं। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देता है। 'मन की बात' कार्यक्रम से प्राप्त संदेशों को आत्मसात करते हुए वे अपने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे।

# रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट कर रहा है झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स का आयोजन

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com

जिस तरह दधिचि ने अपनी हड्डी का दान कर अपने राज की रक्षा की थी, उसी तरह पत्रकार अपना सर्वस्व देकर समाज को दिशा दिखाने का काम करते हैं। ऐसे पत्रकारों का सम्मान समाज का सम्मान होगा। वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्र ने रांची प्रेस क्लब में झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स 2024 की घोषणा करते हुए यह बातें कही। उन्होंने बताया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स देने का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है। रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने बताया कि कुल तीन कैटेगरी- लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (31000 रुपये, शॉल व मोमेंटो), बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) दिया जाएगा। जूरी मेंबर रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार ने कहा कि पूरी पारदर्शिता से चयन किया जाएगा। आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम से जुड़कर ट्रस्ट आह्लादित है। प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने बताया कि झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स के लिए से 15 जनवरी तक रांची प्रेस क्लब में नॉमिनेशन किया जा सकता है। तीनों अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारुप रांची प्रेस क्लब के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं या रांची प्रेस क्लब से हासिल किया जा सकता है। विधिवत भरा आवेदन आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ रांची प्रेस क्लब में 15 जनवरी 2025 तक जमा किया जा सकता है। शुक्ला ने बताया कि आवेदनों की जाँच कर अंतिम निर्णय लेने के लिए सात सदस्यीय जूरी गठित की गई है। जूरी में वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सोनाली दास, रांची यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो अजीत कुमार सिन्हा, रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, महासचिव अमरकांत और ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला शामिल हैं।

# प्रशासन की ओर से उर्स की सफलता के लिए चादर पेश कर दुआ की

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की बारगाह में हाजरी लगाकर 813वें सालाना उर्स के मुबारक मौके पर 'उर्स की सफलता' के लिए मखमली चादर पेश कर दुआ की। जिला कलक्टर लोकबंधु और पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने अधिकारियों के साथ दरगाह शरीफ पहुंच कर जियारत की। सालाना उर्स-2025 के लिये झंडे की रस्म शनिवार शाम होने के बाद अजमेर प्रशासन की ओर से गरीब नवाज की बारगाह में चादर एवं अकीदत के फूल पेश कर उर्स के निर्बाध सफलता से पूरख होने की दुआ की। इस दौरान खादिमों ने चादर पेश करवाई। लोकबंधु ने कहा कि हमने उर्स की सफलता के साथ साथ देश-प्रदेश में अमन, चैन, खुशहाली की दुआ की। उन्होंने कहा कि चांद दिखाई देने पर एक या दो जनवरी 2025 से विधिवत शुरू होने जा रहे सालाना उर्स के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां कर ली गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि उर्स हमेशा की तरह अच्छी तरह सम्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि उर्स के दौरान माकूल सुरक्षा बंदोबस्त किये जा रहे है।

# पछवाड़ा कोयला खदान के कारण वित्तीय वर्ष 2024 में 593 करोड़ की बचत

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



साल 2024 की शुरुआत मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा जी.वी.के पावर से गोइंदवाल पावर प्लांट को 1080 करोड़ रुपये की लागत से खरीदने के ऐतिहासिक कदम के साथ हुई। भारत में एक राज्य सरकार द्वारा एक निजी पावर प्लांट खरीदने की यह पहली घटना है। गुरु अमरदास जी के नाम पर रखे गए इस थर्मल प्लांट का लोड फैक्टर इस साल के दौरान 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 77 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे इसकी बिजली उत्पादन क्षमता दोगुनी हो गई। यह 540 मेगावाट थर्मल प्लांट 2 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की किफायती दर पर प्राप्त किया गया, जिससे राज्य को सालाना 350 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का अनुमान है। पंजाब के बिजली और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में राज्य के बिजली विभाग की साल के अंत की रिपोर्ट पेश करते हुए बिजली क्षेत्र में क्रांति लाने में पंजाब सरकार द्वारा निभाई गई अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2022 से शुरू की गई पछवाड़ा कोयला खदान राज्य के थर्मल प्लांटों को कोयले की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल, 2024 से 1277 रैक के माध्यम से इस खदान से कुल 50.84 लाख मीट्रिक टन कोयले की प्राप्ति हुई, जिसकी लागत कोल इंडिया लिमिटेड की तुलना में 11 करोड़ रुपये प्रति एक लाख मीट्रिक टन सस्ती है। इसके परिणामस्वरूप राज्य को इस वित्तीय वर्ष के दौरान 593 रुपये की बचत हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के ठोस प्रयासों से दिसंबर 2022 में शुरू हुई इस खदान से अब तक 93.87 लाख मीट्रिक टन कोयला प्राप्त किया गया है जिससे कुल 1000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। हरभजन ने कहा कि टिकाऊ ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पंजाब सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा में महत्वपूर्ण निवेश किया है। एक अप्रैल से 30 नवंबर 2024 तक, विभाग ने 2.52 और रु. 2.53 प्रति यूनिट की औसत दरों पर 1454 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। मार्च 2022 में सत्ता संभालने के बाद, सरकार ने 3704 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए समझौते किए हैं।

# यादव ने की डा सिंह के निधन पर राहुल के बयान की आलोचना

एजेंसी ◀ अलवर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से केंद्र सरकार पर की गई बयान बाजी की आलोचना की है। यादव ने यह बात अलवर जिले के खैरथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा है कि गांधी का यह बयान ऐसे मौके पर उन्हें शोभा नहीं देता। वह पूरी तरह से छोटी मानसिकता के व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह को लेकर राहुल गांधी का बयान को लेकर ऐसा लगा कि वह पूरी तरीके से राजनीति से प्रेरित है जो नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मारक को लेकर और शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए केबिनेट में शोक पारित किया गया । नोट तैयार किया गया । सिंह के सहयोग को नहीं बुलाया जा सकता। वह आर्थिक जगत और देश के लिए जो योगदान दिया है उसे नहीं भूलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को शायद ये पता नहीं है की पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव की पार्थिव देह को कांग्रेस कार्यालय में भी नहीं घुसने दिया और दिल्ली में दाह संस्कार नहीं होने दिया। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी में भी खेद व्यक्त नहीं किया और यह बात उनकी बेटी ने खुद ने कही है। यहां तक राहुल गांधी ने खुद ने मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान कैबिनेट का बिल फाड़ दिया जो पूरी तरीके से जनता जानती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छोटी मानसिकता के आदमी हैं। संसद में हुए पूरा बयान देते हैं लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बोलती है तो हंगामा करते हैं । कांग्रेस सांसदों को उकसाते हैं। यादव ने खैरथल तिजारा जिले को बरकरार रखने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी सभा में भी खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खैरथल और तिजारा और अलवर के विकास की बात कही थी। उन्होंने कहा कि खैरथल जिला बनने के बाद पूरी तरह व्यवस्थित होगा और यहां का औद्योगिक विकास होगा। भिवाड़ी के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि यहां कई एजेंसियां एक साथ काम कर रही हैं और समन्वय के साथ अगर काम करेंगे।

# कवर्धा के गुढ़ा सरपंच-सचिव पर विकास कार्य के राशि की दुरूपयोग का आरोप, एसडीएम से शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गुढ़ा वि.ख. कवर्धा जिला कबीरधाम के सरपंच/सचिव के द्वारा शासन के दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। शासन के प्राप्त राशि मूलभूत, नीलामी बाजार, 15वे वित्त की राशि असवैधानिक तरीका से बंदरबाट कर दिये हैं इस संबंध में पंचायतों द्वारा पारित प्रस्ताव आदेश अपनाई गयी प्रक्रिया किया गया कार्य अथवा कार्यवाही अधिनियम में प्रावधान के अनुरूप पंचायतों का निरीक्षण का उचित कार्यवाही करने की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा के पास 18 जुलाई 2024 को किया था। जिसकी जांच करने पहुंचे अधिकारी ने शिकायत की जांच करने के बजाए उल्टा शिकायतकर्ता को धमकाने का आरोप लगाकर पुनः जांच करने लिए 09 सितंबर 2024 को आवेदन दिया जिसपर आजतक जांच नहीं हुआ। जिससे शिकायतकर्ता मायूस हो गए और उसका सरकारी तंत्र पर भरोसा उठ रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारी भ्रष्ट्राचारी को बचाते हुए संरक्षण दे रहा है।

**शिकायत पर जांच के लिए जारी हुआ आदेश** – शिकायतकर्ता के शिकायत पर जांच करने के लिए कार्यालय जनपद पंचायत कवर्धा जिला कबीरधाम का पत्र क्रमांक /266/ज. प./2024 कवर्धा, दिनांक 29.07.2024 जारी हुआ जिसमें हेमंत साहू के नेतृत्व में जांच दल गठित करते हुए जांच अधिकारी बनाया जिस पर जांच अधिकारी हेमंत साहू ने सरपंच/सचिव को पत्र जारी किया कि संदर्भित विषयांतर्गत ग्राम पंचायत गुवा के सरपंच/संचिय के द्वारा शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। शासन से प्राप्त राशि मूलभूत बजार निलामी, 15 वें वित्त की राशि का असंवैधानिक तरीके से बंदरबाट किया जा रहा है जिसकी जांच 20 अगस्त को समय 12:00 बजे ग्राम पंचायत भवन गुढ़ा में संयुक्त जांच दल द्वारा किया जावेगा। कृपया सरपंच/सचिव संबंधित शिकायत के संबंध में संपूर्ण अभिलेख सहित जाच तिथि को उपस्थित का निर्देश दिया गया था।




**जांच टीम जांच के बजाए आवेदक को धमकाने का आरोप** – आवेदक राजकुमार धृतलहरे पिता स्व अमर धृतलहरे ग्राम गुढा ज.पं. कवर्धा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम का निवासी है आवेदक के द्वारा ग्राम पंचायत गुढ़ा के सरपंच / सचिव के द्वारा शासन से प्राप्त राशि मूलभूत बाजार नीलामी, 15वें वित्त की राशि का असंवैधानिक तरीके से बंदरबाट करने के खिलाफ आपके समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदक के शिकायत आवेदन पर संज्ञान लेते हुए आपके द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा को जॉच दल गठित कर जाँच करने हेतु आदेशित किया गया आपके आदेश का पालन करते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के द्वारा हेमन्त साहू वरिष्ठ आंतरिक लेखापरीक्षण एवं करारोपण अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त्त कर जांच कर आदेशित किया था। जाँच अधिकारी 20 जून को 12.00 बजे पंचायत भवन गुढ़ा में सयुक्त जॉच दल के साथ पहुंचा। किन्तु जांच अधिकारी के द्वारा शिकायत की जांच करते हुए उल्टा आवेदक को ही पंचायत भवन में सबके सामने डांटने लगा, धमकाने लगा तथ बिना जाँच पड़ताल किये वापस चले गये। इस प्रकार जांच अधिकारी हेमन्त साहू अपने सौंपे गये दायित्व का निर्वहन नहीं किया। जॉच अधिकारी के द्वारा अनावश्यक डराने धमकाने के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करते हुए पुनः जांच कराने हेतु आदेशित करने की निवेदन 09 सितंबर को किया है लेकिन आजतक कोई जांच नहीं हुई।

### अधिकारियों से मिलीभगत की संभावना

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गुढ़ा के सरपंच सचिव के द्वारा बाजार नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं है। बिना प्रक्रिया अपनाए पंचायती राज अधिनियमों का धज्जियां उड़ाते हुए अपने चाहते को बाजार से वसूली का कराया जा रहा है, बाजार नीलामी से प्राप्त राशि को पंचायत के खाता में जमा भी नहीं किया है और न ही उसे विकाश कार्य में लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त राशि का बंदरबांट किया है। जांच करने पर आर्थिक अनियमितता का आरोप लगने का संभावना है जिसके चलते अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए अधिकारियों से मिलीभगत कर रहा है और अधिकारी उसे बचाते हुए संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है । यदि शिकायत की सूक्ष्मता से जांच करने पर लाखो रुपए की आर्थिक अनियमितता उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

# पीजी कॉलेज केम्पस में फिर भालू ने दी दस्तक



पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

भालुओ को जंगल मे भोजन-पानी प्राप्त हो इसके लिये छत्तीसगढ़ सरकार ने वन विभाग के माध्यम से जाम्बवंत योजना आरम्भ की थी लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारियो के लापरवाही और महत्वपूर्ण योजना के पैसे के बंदरबाट के चलते जाम्बवंत योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और बेचारे भालुओ को भोजन-पानी की तलाश में रिहाइशी बस्ती की ओर आना पड़ रहा है,अभी कुछ दिनों पूर्व अलनियापारा के धान खरीदी केंद्र में घुसकर हमाल अजय सलाम को दिनदहाड़े घायल कर दिया था,आज पुनः मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगो को सुबह-सुबह पीजी कॉलेज केम्पस में भालू घूमता दिखाई दिया, भालू को देखकर मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग दहशत में आ गये, किसी तरह हो-हल्ला कर भालू को भगाया गया,भालू भी किसी को बगैर नुकसान पहुँचाये चला गया,भालू के बगैर नुकसान पहुँचाये जाने से लोगो ने राहत की सांस ली किंतु पता नही कब वन विभाग के जिम्मदार अधिकारी/ कर्मचारी कुम्भकर्णी नींद से जागेंगे और जनता और भालुओ के साथ न्याय करेंगे।

# अंजर में नियद नेल्लानार योजना के तहत सेंचुरेशन कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत आंजर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शासकीय योजनाओं की गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने और योजनाओं का लाभ देने के दृष्टि से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन, बैंक खाता खोलने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार, टीबी-मलेरिया परीक्षण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण, कौशल विकास के द्वारा युवाओं का पंजीयन के साथ ही उद्योग, वन, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत के एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूल शिक्षा, क्रेडा, विद्युत, पशुधन विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला ने योजनों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।



# केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का एक दिवसीय बीजापुर प्रवास

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक नई दिल्ली अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान नवनिर्मित सेन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया। उक्त भवन में लाईब्रेरी के अलावा कम्प्यूटर क्लासेस उच्च तकनीक के कम्प्यूटर वीआर सेट गेमिंग जोन सहित टेलिस्कोप एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों के मनोरंजन के साधन मौजूद हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने लाईब्रेरी पहुंच कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली जिससे एक छात्र ने नीट की तैयारी एवं एक छात्रा द्वारा सीजीपीएससी की तैयारी करने की जानकारी दी। लाईब्रेरी का सही उपयोग कर मेहनत और लगन से परिश्रम कर सफलता अर्जित करने के लिए मंत्री द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया सेन्ट्रल लाईब्रेरी को न्यू एज लार्निंग सेंटर के रूप में डेव्हलप किया जा रहा है। जहां पर विद्यार्थियों एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को मार्डन टेक्नोलॉजी जैसे वी.आर. सेट, अत्याधुनिक कम्प्यूटर, टेलीस्कोप, एलेक्सा एवं विभिन्न प्रकार के माईन्ड गेम्स के माध्यम से लर्निंग को इंटरेक्टिव बनाया जा रहा है। जिसका लाभ जिले के विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जन को भी हो रहा है। उक्त गतिविधियां करते हुए बच्चों ने मंत्री के समक्ष अपना-अपना अनुभव साझा किए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ रामाकृष्णन वाय, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।



# पिछड़े वर्ग के नगर बंद को आदिवासी समाज का समर्थन



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग एवं दुर्ग संभाग के दो जिला मोहला- मानपुर और बालोद जिला के पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण लगभग शून्य है क्योंकि 50त्न आरक्षण बस्तर एवं सरगुजा के ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या काफी कम हुई है ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ इसकी जानकारी ओबीसी समुदाय को नहीं है आरक्षण व्यवस्था पूर्णता त्रुटि पूर्ण है जिसका सुधार किया जाना अति आवश्यक है,अगर इस पर पुनः विचार नहीं किये जाता है तो इस पर पिछड़ा वर्ग समाज ने 30 दिसम्बर को बस्तर संभाग सभी जिलों में महा बंद का आव्हान किया है, सर्व आदिवासी समाज ने बंद का समर्थन किया है ?

## पदोन्नति के दौरान पसंद की शाला मिले



**जगदलपुर।** जिला अध्यक्ष भूपेश पानीग्राही ने बताया कि काफी दिनों पश्चात हमारे साथियों की पदोन्नति हो रही है। इसमें हमारे साथियों को निराशा हाथ न लगे इसलिए यह ज्ञापन दिया गया है, ताकि विभाग भी अपनी पूर्ण तैयारी कर ले। इससे पूर्व काउंसलिंग होने पर 3 शालाओं के नाम दिए जाते थे जिसे शिक्षक चाहकर भी नहीं लेते थे और हर बार पदोन्नति से वंचित हो जाते थे। इसलिए जिस भी शिक्षक साथी का नंबर आए। उन्हें सभी शालाएं दिखाई जाएं जिससे वो अपनी मनपसंद शाला का चयन कर सकें। इस हेतु काउंसलिंग स्थल पर सभी शालाओं के नाम भी चस्पा करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया गया है। इस पत्र का सभी शिक्षकों ने स्वागत किया है। ज्ञापन देने वालों में रवींद्र सेठिया, मन्नू नेताम, सुमीत देवांगन और अन्य शामिल थे।

# नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को किया 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नाबालिक बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में 24 दिसंबर को प्रार्थीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये की कही चली गयी है, जिसका आस पडोस रिश्तेदारों में पता तलाश किया किंतु उसका कोई पता नही चला है। कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग मेरी पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 60/24 एवं अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आईके ऐलिसेला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में नाबालिग अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाश के दौरान 25 दिसंबर को नाबालिक अपहृता एवं संदेही का पता तलाश कर नाबालिग बालिका को बरामद कर दस्तायाब किया गया । पुलिस विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि रिकेश्वर जुर्री पिता धरम सिंह जुर्री उम्र 37 साल निवासी पलेवा चौकी हल्बा थाना नरहरपुर कांकेर के द्वारा बहला फुसलाकर नाबालिक जानते हुये भी रिकेश्वर जुर्री द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक संबध बनाकर दुष्कर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी रिकेश्वर जुर्री को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 10-01-2025 TIME : 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org/
Contact No. 9500173386/9962979770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

AKALTARA: 63230000524701, BAGBAHARA: 63230000353922, 597922, 75230001455345, 75240000649079, 1312856, 1313214, 1453100, 1477514, 1503437, 1504615, 1531294, BAIKUNTHPUR: 63240000188003, 75240000144099, BALOD: 75230001554259, 2006424, 2428210, 2479863, 75240001324754, 1446954, BHATAPARA: 63240000166444, 75230002109951, 75240000772886, 1601973 BHILAI: 63230000527195, 75230002397906, 2397916, 75240000255160, 1318505, 1323805, 1363429, 1363909, 1447242, 1555168, 1561746, 1563933, BILASPUR: 63240000080735, 379264, 75230002156321, 2406202, 2479913, 75240000411267, 670638, 811384, 884735, 1007581, 1324964, 1328846, 1373220, 1458931, 1472364, 1476546, 1497126, 1497886, 1511642, 1516823, 1517191, 1517221, 1545667, 1546095, 1562964, 1563353, 1563703, CHAMPA: 63230000522634, 527145, 527735, 63240000236604, 75230000258543, 1043561, 1548851, 1555337, 1560097, 1683035, 2032314, 2072418, 2392855, 75240000340630, 1312286, 1507510, DHAMTARI: 75240001541744, DONAGARGARH: 63240000254629, 261465, 75240001312626, 1490229, DURG: 63230000328540, JAGDALPUR: 75240001551825, JASHPUR: 63240000373934, KAWARDHA: 63240000 405736, 75240001466455, 1504345, 1504555, 1525665, KHARSIA: 75240001332388, MAHASAMUND: 63240000241534, 255277, 75240001380516, 1421491, 1424645, 1468362, 1520604, MUNGELI: 75230002369640, 75240000700464, 752794, 1312386, 1487485, PAKHANJORE: 63230000526467, 527685, 75240001343507, 1347720, 1475728, 1496878, 1498034, 1520774, PITHORA: 63230000524311, 75230002381216, 2430935, 75240000898929, 1312436, 1318125, 1329394, 1371064, 1380936, 1442731, 1465617, 1484601, 1484921, 1508888, 1511422, 1515854, 1520964, 1523939, RAIGARH: 63230000394153, 481590, 63240000161124, 400925, 75230001745100, 75240001324894, RAIPUR: 63240000227481, 75230002365357, 2419897, 2471667, 75240001317567, 1329864, 1332298, 1397434, 1683166, RAJNANDGAON: 63240000230604, 75230002379851, 2380048, 2380168, SARANGARH: 63240000166814, 232871, 275019, 75230002424337, 75240000075488, 1473982, 1488144, SHIVRINARAYAN: 75230002470719, 75240001440634, 1467894.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 30-12-2024
Sd/-
Authorized Signatory

## बाल मित्र पुस्तकालय, जैविक कृषि, नव गुरुकुल एवं एसएचसी सेंटर घोटपाल पहुंचकर जिला प्रशासन के प्रयासों को बेहतर बताया

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया आकांक्षी जिला के तहत चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





जिला दंतेवाड़ा में अपने प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बाल मित्र पुस्तकालय, जैविक कृषि, नव गुरुकुल एवं एसएचसी सेंटर घोटपाल का अवलोकन भ्रमण किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री सर्वप्रथम मुख्यालय के चितालंका ग्राम स्थित बालमित्र पुस्तकालय पहुंची। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी बच्चों को नवीन शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने के लिए बच्चों की पुस्तकालय के साथ बाल-हितैषी जिला बनाने की पहल की गई है। ताकि जिले के जितने भी शाला त्यागी बच्चे है उन्हें बाल मित्र कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाए। जिससे बच्चों का मन पुस्तकीय ज्ञान की और आकर्षित हो सके। इस संबंध में जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने मंत्री को अवगत कराया कि जिले में संचालित बाल मित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केन्द्र अभी तीन विकासखण्ड में प्रारंभ की गई है। ''बाल मित्र कार्यक्रम'' दंतेवाड़ा के बच्चों की शैक्षिक, सुरक्षा और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अग्रणी पहल है। जिला प्रशासन और गैर-लाभकारी संगठन ''बचपन बनाओ'' के सहयोग से विकसित, यह कार्यक्रम पंचायतों में बाल मित्र पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र (बीएलसीएसी) की स्थापना पर केंद्रित है। ये केंद्र बच्चों के लिए शिक्षा के संदर्भ में सुरक्षित, सुलभ स्थान प्रदान करते हैं इस कार्यक्रम के द्वारा साक्षरता, सामाजिक भावनात्मक विकास और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल के केंद्र में बाल मित्र साथी के रूप में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सहयोग लिया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित बच्चों के साथ रुबरु होकर उनकी विभिन्न गतिविधियों को देख कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों से उनके पढ़ाई विषयक पुस्तकों के बारे मे जानना चाहा। बच्चों ने भी उन्हें उत्साहपूर्वक विभिन्न पुस्तकों जैसे तीन साथी और मुन्नी करें बात बकरी के साथ जैसी किताबों के बारे में तथा इनसे संबंधित कविता सुनाया। इससे मंत्री ने बच्चों की तारीफ करते हुए उन्हें प्रोत्साहन दिया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./1428/लो.नि.शा./न.पा.प./2024 अमलेश्वर, दिनांक 27/12/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट फॉर्म ''ए'' में प्रतिशत दर पर P.W.D. Building S.O.R./Road S.O.R. 01-01-2015 में निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा का प्रकार | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण (अधोसंरचना मद अंतर्गत) | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा विवरण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ई-प्रोक्योरमेंट निविदा (द्वितीय निविदा) | 163535 | निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 08 एवं 11 में रामअवतार साहू के घर के पास पुलिया एवं आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | लागत राशि 40.07 | ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.01.2025 |
| 02 | | 163538 | निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 7 में छबी यादव के घर से पानी टंकी मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं आर.आर.सी.नाली निर्माण कार्य। | लागत राशि 27.46 | ऑफलाईन दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि - 17.01.2025 |

**टीपः**– उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से एवं ऑनलाईन http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''
''जल ही जीवन है''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर

त्रुटिवश गलत प्रकाशित होने के कारण दोबारा प्रकाशित किया जा रहा है।

# संस्थागत प्रसव कराने में स्वास्थ विभाग नाकाम

## 15 हजार 972 के लक्ष्य में सिर्फ 4 हजार 351 प्रसव पर सवाल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव कराने के कई योजना के जरिए लाखों रूपए खर्च कर रही है, लेकिन यह खर्च जिला में फिजूल साबित हो रहा है। क्योंकि राज्य से मिले प्रसव की टारगेट का 30 प्रतिशत भी स्वास्थ विभाग पूरा नहीं कर पाया है सरकारी आंकड़ा के मुताबिक वर्ष 2024-25 में गरियाबंद जिले में कुल गर्भवती पंजीयन 17 हजार 569 के लक्ष्य में 7 हजार 628 पंजीयन हो पाया है और 15 हजार 972 के मिले लक्ष्य में बीते अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक सिर्फ 4 हजार 351 संस्थागत और निजी प्रसव हो पाया है और बचत आंकड़ा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महज 3 माह ही है। ऐसे में करीब करीब 10 हजार संस्थागत प्रसव का होना मुश्किल बताया जा रहा है क्योंकि संस्थागत प्रसव को लेकर स्वास्थ विभाग अभी भी गंभीर नहीं हैं। शायद यही वजह है कि संस्थागत प्रसव का आंकड़ा मानो थमा नजर आ रहा है जिसका प्रमुख कारण विभागीय ज़िम्मेदार अधिकारी की सुस्त रवैया को बताया जाता हैं जबकि संस्थागत प्रसव के लिए सरकार द्वारा जननी सुरक्षा योजना के जरिये 14 सौ की राशि दी जाती जांच दवाई और संक्रमित रोग से बचाने के लिए सरकार मुहिम छेड़ संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। लेकिन जिला स्वास्थ अमला की उदासीन रवैया अपनाने के चलते विष्णुदेव साय सरकार की मंशा गरियाबंद जिले में पूरा नहीं हो पा रहा है ऐसे में आम गर्भावस्था महिलाओं को परेशानी उठाने के अलावा परिजनों को भी आर्थिक नुकसान उठाना मजबूरी होता है जिसकी चिंता ना स्वास्थ अमला को है और ना प्रशासन को।

### स्वास्थ परीक्षण भी मुश्किल

संस्थागत सुरक्षित प्रसव के मद्देनजर गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को खान पान नियमित रूप से स्वास्थ परीक्षण एवं टीकाकरण आयरन टेबलेट के वितरण में भी भारी लापरवाही बरती जाती हैं जबकि पहले से मौजूद बीमारी की पहचान और उपचार जटिलताओं और अन्य संभावित समस्याओं का समय रहते पता लगाते उसका हल करने को प्राथमिकता देने की बात कही जाती हैं मगर अपसोस की बात है कि ऐसे तमाम गाइड लाइन को दरकिनार करते स्वास्थ विभाग संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर गंभीर नहीं हैं गर्भावस्था स्वास्थ परीक्षण में लापरवाही सबसे ज्यादा मैनपुर के घने जंगलों से घिरे इलाकों में देखने को मिलता है साथ ही साथ देवभोग के धौराकोट सहित कई गांव में यह स्तिथि निर्मित है जिससे जिला स्वास्थ अधिकारी भी भली भांति अवगत हैं बावजूद इसके यह रवैया सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वास्थ विभाग संस्थागत प्रसव के लिए कितना गंभीर है।

### नवरंगपुर मिशनरी उड़िसा धर्मगढ़ भवानीपटना उमरकोट

सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह की देवभोग ब्लॉक सहित आजू बाजू इलाके के लोग यहां के संस्थागत प्रसव पर भरोसा नहीं जता पा रहे हैं तभी उड़िसा नवरंगपुर मिशनरी अस्पताल धर्मगढ़ भवानीपटना उमरकोट जैसे अन्य अस्पतालों में जाकर गर्भावस्था महिलाओं को पहले से लेकर भर्ती कराते उक्त अस्पतालों में प्रसव कराने को मजबुर है और ऐसा नहीं की स्वास्थ अमला इससे अनभिज्ञ हैं बल्कि पूरी वस्तु स्तिथि से अवगत हैं लेकिन गर्भवती महिलाओं का भरोसा जितने के लिए कोई पहल नहीं होता।

### स्वास्थ सचिव से व्यवस्था दुरुस्त करने की उम्मीद

स्वास्थ विभाग की ठुल मिल रवैया को लेकर बीच बीच सवाल उठाए जाते है इसके साथ राज्य मिले लक्ष्य से भी कोसों दूर होने का आंकड़ा किसी से छिपा नहीं ऐसे में राज्य हेल्थ डिपार्टमेंट की कमान संभाले स्वास्थ सचिव अमित कटारिया से जिले वासियों को काफी उम्मीद है कि जिला में चरमराई स्वास्थ व्यवस्था को दुरुस्त करते पिछड़ते संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की पहल होगी।

# साल का अंतिम जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार आम लोगों की समस्या, मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में साल का अंतिम जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंगपुर में आयोजित किया गया। शिविर में मिले 81 आवेदनो में से अधिकांश का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ने कहा कि जिला प्रशासन आपके समस्याए मांग और शिकायतों के निराकरण तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने आपके गांव पहुंची है, जिसका अधिक से अधिक लाभ लेवें। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर सिंगपुर में स्वास्थ विभाग द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं कृषि विभाग द्वारा पराली नहीं जलाने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही अन्य विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने विभागीय गतिविधि एवं कार्यक्रम संबंधी जानकारी उपस्थितों को दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, एसडीएम कुरुद, सीईओ जनपद मगरलोड, डीईओ के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुलिस ने चाकू से वारकर प्राणघातक चोंट पहुंचाने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ओमप्रकाश पैकरा निवासी ग्राम जोगीडीपा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सब्जी बेचने की बात को लेकर इसके पिताजी रामकुमार पैकरा को आरोपियों द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से सीने एवं पेट में वारकर प्राणघातक चोंट पहुंचाए हैं। कि रिपोर्ट पर चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 605/2024 धारा 109, 296, 351(3), 3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा सब्जी बेचने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के पिताजी को चाकू से वारकर प्राणघातक चोंट पहुंचना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मेनोनाइट 95-96 बैच का रियूनियन आयोजित




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मेनोनाइट हायर सेकंडरी शाला में 1995.96 बैच द्वारा 26 दिसंबर को भव्य रियूनियन आयोजन किया गया। यह दो दिन का था, जिसे दो दिन दोस्तों नाम किया गया जिसमें शामिल होने के लिए देश-विदेश के कोने-कोने से छात्र शामिल हुए। इसमें शामिल होने के लिए छात्र एक दिन पहले 25 दिसंबर को ही सभी धमतरी पहुंचने लगे। सभी छात्र व शिक्षक 9.30 से ही शाला में आ गये। इसमें संस्था के चेयर पर्सन लाल, प्राचार्य चौधरी, पॉल, मलागर, साईमन, सोनी, द्विवेदी, राबर्ट, साहू, गुप्ता, दास तथा वर्तमान स्कूल स्टाफ व भूतपूर्व छात्र बैच 50-56 के छात्रों को भी आमंत्रित किया गया। इसमें समीदा मैम और के पी सिंह सर ऑनलाईन जुड़कर छात्रों को आर्शीवाद दिया। शिक्षकों का सम्मान श्रीफल, शॉल व उपहार भेंट कर किया गया। सभी शिक्षकों ने सभी छात्रों को खूब प्यार और आशीर्वचन दिया। शिक्षक-छात्र साथ में जलपान-भोजन किया। दूसरे दिन बालोद स्थित स्वरम रिसोर्ट में विभिन्न कार्यक्रम अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर, नृत्य, नौका विहार आदि का आनंद सभी छात्रों ने लिया। सभी मित्र आपस में सालों बाद मिलकर अति उत्साही थे। विदाई के समय सभी भाव-विभोर हो गये। इसका संचालन अर्शिया नवाब, राकेश अग्रवाल, विशाल शर्मा, सैय्यद जाकिर हसन, तुषार गांधी, मनोज राठी, अमित, संदीप, योगेश, अनिल, आकाश, मयंक, योगेश साहू, मधुसूदन, रितेश आदि ने बहुत अच्छे से किया। विदाई की कसक ललिता, आकांक्षा, दीप्ति, प्रीति सिंह, माया, पूजा, घटा, चंद्रकांत आदि के दिलों में रही। इनकी उपस्थिति से कार्यक्रम सफल रहा।

# आमापारा वार्ड में पार्षद, बूथ अध्यक्ष सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

आमापारा वार्ड बूथ क्रमांक 144 में पार्षद विजय मोटवानी एवं बूथ अध्यक्ष विशाल त्रिवेदी सहित गणमान्य नागरिको व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मन की बात को सुनने के पश्चात मोटवानी ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि हर माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभचिंतक भारतीय जनता पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि पदाधिकारी तक उनकी भावनाओं को सुनने के लिए आतुर रहते हैं। वहीं प्रधानमंत्री का समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की ललक उनके संबोधन में दिखाई देती है, जो कि अपनी जनता के प्रति जनप्रतिनिधि के सेवा के संवेदनशील व्यवहार को प्रदर्शित करता है। वही विशाल त्रिवेदी ने कहा कि बस्तर के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जैसी सुदूर भारती क्षेत्र के खिलाड़ियों का नाम लेने के पश्चात बस्तर ओलंपिक को देश के मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान के रूप में उकेरते हुए मोदी ने यह बता दिया कि वह दिल्ली में बैठकर भारत के कोने.कोने की चिंता करते हैं जिसके लिए मन की बात सबसे प्रमाणित दस्तावेज के रूप में उदाहरण के बतौर इतिहास में हमेशा लिखा जाएगा। उक्त अवसर पर नीतू त्रिवेदी, संकेत गोलछा, विवेक मोटवानी, युग त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक रंजना साहू ने सुना मन की बात कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति माह प्रसारित होने वाले मन की बात का पूर्व विधायक रंजना साहू ने अपने निवास में श्रवण किया। इस कार्यक्रम में मोदी जी ने देश के सांस्कृतिक कला हमारे देश की विरासत रही है। आज भी कला के क्षेत्र में हमारे कलाकार देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा की एक समय बस्तर नक्सल गतिविधि से जूझ रहा था। आज यह आयोजन बस्तर के सुरक्षित एवं शांत वातावरण को प्रदर्शित करता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार बधाई के पात्र हैं। मन की बात हमें देश की घटित घटनाओ एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा करने का सशक्त माध्यम बन गया है।

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान : 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के तहत जिला जेल महासमुंद में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# सार्थक के बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने प्रेम, सेवा, करुणा एवं क्षमा का संदेश देने वाला त्यौहार क्रिसमस धूमधाम से सार्थक में मनाया। सार्थक स्कूल की छात्रा देवश्री सार्वा ने सांता क्लॉस की वेशभूषा में झूम झूम कर डांस करते हुए अपने झोले से बच्चों को उपहार दिया। सभी बच्चे, सदस्य, प्रशिक्षकों ने क्रिसमस ट्री को बीच में रखकर गोल घेरे में घूम-घूमकर टन टन घंटी बाजे... क्रिसमस गीत पर डांस कर खूब एंजॉय किया। सार्थक के सदस्य गौरव लोहाना ने इस अवसर पर दस नग छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी सेट का उपहार संस्था को भेंट किया। उन्होंने बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़ ने गौरव लोहाना का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, मुकेश चौधरी, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, काजल रजक, सुनैना गोड़े, आंचल गोडे, सखीना बाघमारे उपस्थित थे।



# जल संसाधन, वन विभाग के बीच जमीन विवाद, अतिक्रमणकारियों के हुए पौ-बारह

## निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल, बिगड़ैल युवक-युवतियों के लिये बना अय्याशी का अड्डा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

रविशंकर सागर परियोजना गंगरेल में पिछले लंबे समय से ऐसे अवांछित लोगों को घर बनाते देखा गया है जिन्हें पात्रता नहीं है। लेकिन कुछ लोगों के प्रश्रय से ऐसे लोग जगह-जगह अनाधिकृत विकास कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अनेक रिसॉर्ट स्थापित हैं जहां दूरदराज से मनचले युवकों द्वारा युवतियों के साथ आकर हुड़दंग किया जाता है। पिछले वर्ष होली के अवसर पर एक रिसॉर्ट में इसी बात को लेकर खूब वाद-विवाद हुआ था। पुलिस भी पहुंची थी जिन्हें समझाईश देकर वहां से अलग किया गया। लेकिन अब गंगरेल जहां पर्यटन को लेकर काफी कार्य किये जा रहे हैं, अब वह अपराधियों की शरणस्थली बनता जा रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले दिनों सिहावा क्षेत्र के एक व्यक्ति की हत्या से दिया जा सकता है। खबर तो यह भी है कि यहां नये लोगों को कुछ भेंट-पूजा लेकर भी बसाया जा रहा है। और तो और यहां एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा विवादित स्थल पर शासकीय जमीन में आवास का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। वर्तमान में रविशंकर सागर जलाशय परियोजनांतर्गत जल संसाधन विभाग एवं वन विभाग के बीच पिछले कई सालों से जमीन विवाद की स्थिति बनी हुई है जिसके चलते अतिक्रमणकारियों के पौ-बाहर हो गये हैं और वहां आलीशान मकान, दुकान का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। यही नहीं यहां एक जनप्रतिनिधि ने शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराकर भवन निर्माण करवाया जा रहा है।



गंगरेल बांध के निर्माण के पूर्व जल संसाधन विभाग एवं वन विभाग के बीच एक समझौता हुआ था जिसके तहत जब तक गंगरेल बांध का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक आसपास की रिक्त भूमि जो वन विभाग की है, उसमें जल संसाधन विभाग का अधिकार रहेगा। लेकिन निर्माण होने के पश्चात यह भूमि वन विभाग को सौंप दी जायेगी। इसे लेकर पिछले दिनों जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच विवाद प्रारंभ हुआ था। तत्कालीन वन मंडलाधिकारी ने इसे लेकर तत्कालीन कलेक्टर से यहां अनाधिकृत रूप से कार्य कर रहे कुछ लोगों को हटाये जाने की मांग की थी जिसके तहत कार्य भी हुआ और वन विभाग की कुछ भूमि रिक्त हुई। इस युद्ध की जानकारी जब लोगों को लगी तो उन्होंने भी दोनों विभाग के विवाद के बीच मकान, दुकान इत्यादि बनाकर वहां नाजायज कब्जा कर लिया जिसे लेकर दोनों विभाग गंभीर नहीं हैं। शिकायत करने पर वन विभाग, जल संसाधन विभाग की जमीन बताता है। जल संसाधन विभाग को शिकायत करने पर उसका कहना है कि यह भूमि वन विभाग की है। इस तरह पत्र व्यवहार के चलते यह स्थल अब अतिक्रमणकारियों के लिये एक स्वर्ग सा बनता जा रहा है। नित नये रिसॉर्ट भी इस क्षेत्र में बन रहे हैं जिससे पर्यटन को लेकर शासन द्वारा गंगरेल बांध को और अधिक सुसज्जित बनाने की योजना विफल हो सकती है। बताया जाता है कि गंगरेल जाने वाले मार्ग तक अनेक ऐसे रिसॉर्ट और मकान बनाये जा चुके हैं जिसमें दूरदराज के लोग गंगरेल स्थित रिसॉर्ट में जगह नहीं मिलने से इन्हीं जगहों में आकर ठहरते हैं। जानकारी तो यह भी मिली है कि बिगड़ैल किस्म के युवक-युवतियां यहां आकर मनोरंजन करते हैं। कुछ होटलों में भी ऐसे लोग रूकते हैं। लेकिन होटल का संचालक ऐसे लोगों के रूकने का कोई अता-पता नहीं रखता जिससे कभी कोई घटना, दुर्घटना होने पर ऐसे लोगों की शिनाख्त करना मुश्किल प्रतीत होता है। गंगरेल स्थित पंचायत के अधीन अनेक ऐसे अवैध कब्जाधारी लोग मिलीभगत कर धड़ाधड़ मकान निर्माण कर रहे हैं। स्वयं निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के मकान बनाया जा रहा है जिसे लेकर कुछ लोगों का कहना है कि उसके द्वारा यह दोहरा लाभ लेकर ही मकान का निर्माण किया जा रहा है। इससे पूर्व भी इसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में बियर बार खोलने वाले व्यक्ति को पंचायत की बैठक बिना लिये एनओसी जारी कर दी गई जिससे गंगरेल क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया और उन्होंने इस बियर बार का खुलकर विरोध किया। सड़क तक उनकी लड़ाई जारी रही। इनके विरोध को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उक्त बियर बार की अनुमति रोकी गई है। शासकीय विभागों में गंगरेल बांध स्थित समूचे क्षेत्र की भूमि को लेकर दोनों विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से ही ऐसे लोग धड़ाधड़ कब्जा कर रहे हैं। स्वयं एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा इसका लाभ लिया जा रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण जांच होने पर सामने आ सकते हैं और यही कारण है कि नये-नये लोग इस क्षेत्र में बसते जा रहे हैं। पर्यटन के रूप में गंगरेल बांध चर्चित है। लेकिन अब वहां हत्या जैसे जघन्य कृत्य भी सामने आ रहे हैं। चूंकि गंगरेल के अंतर्गत कुछ भाग बियाबान जंगल का है, जहां अपराधी प्रश्रय लेकर ऐसे अपराधों को अंजाम देते हैं। यहां हालांकि पुलिस विभाग की एक टुकड़ी सुरक्षा के हिसाब से लगाई गई है। लेकिन देखा जा रहा है कि ये टुकड़ियों में पदस्थ कुछ पुलिस कर्मी द्वारा कपल को पकड़कर उन्हें कार्यवाही का डर दिखाकर भारी भेंट-पूजा ली जा रही है। डुबान क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गंगरेल बांध बनने के बाद उनका गुजर-बसर गंगरेल क्षेत्र में ही होता आया है। लेकिन जो लोग डुबान क्षेत्र के नहीं हैं, उन लोगों द्वारा भी शासकीय जमीन में कब्जा कर मकान, दुकान इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है जिसे लेकर जागरूक नागरिकों ने जांच कर ऐसे बाहरी लोगों को गंगरेल से हटाये जाने की मांग की है।

# आवासीय पटटा की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय

## विद्युत कंपनी के शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटा, निर्माण कार्य बंद

पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हारिया पटवारी हल्का नंबर 7 में शासकीय भूमि खसरा नंबर 10 26/ 1 में रकबा 14 .8100 हेक्टेयर का टुकड़ा रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि पर 132 के. विद्युत सब स्टेशन स्थित है। जिसके आसपास लगभग 22 व्यक्तियों के द्वारा डी पी सी एवं दीवाल बनाकर एवं मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है। उक्त संबंध में निर्माण कार्य तत्काल बंद कर 27 दिसंबर को न्यायालय तहसील कार्यालय पाटन में अपना जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस जारी शिकायत के आधार पर तहसील कार्यालय से किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वास्तविक तथ्य है कि उक्त आवास भूमि के संबंध में इस अनावेदक द्वारा किए गए निर्माण कार्य आवश्यक प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने हेतु वर्तमान सरपंच के द्वारा अनावेदक को आना आपत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। जिसे स्पष्ट है कि अनाआवेदक द्वारा किए गए निर्माण कार्य किसी प्रकार से अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आता, बल्कि अनाआवेदक उक्त ग्राम खम्हारिया के मूल निवासी होने से पूर्व पैतृक आवास में परिवार बढ़ जाने के कारण गुंजाइश की कमी को ध्यान में रखते हुए उक्त आवास भूमि पर विगत 12 /15 वर्ष से चले आ रहे हैं कब्जे के आधार पर आवास निर्माण कर चुके हैं। एवं निरंतर अपने परिवार के साथ निवास रथ चले आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि में ग्राम वासियों का बसाहट हो चुकने व किसी प्रकार का आक्षेप नहीं होने से शासन की माहिती योजना प्रधान मंत्री आवास योजना एवं अन्य गरीब उन्मूलन की प्राथमिकताओं को लागू करते हुए अनावेदक सहित अन्य 22 लोगों को उक्त भूमि पर व्यवस्थापन कर आवासीय पट्टा प्रदान किया जाना चाहिए। जिसकी मांग ग्राम के अनाआवेदकों के द्वारा तहसील कार्य में उपस्थित होकर की गई। ग्रामीणों ने कहा कि हल्का पटवारी बिना आवश्यक जांच के उक्त भूमि खसरा नंबर 10 26/1 रब्बा 14.8100 हेक्टेयर अर्थात 37 एकड़ भूमि में से मात्र 5 एकड़ भूमि को विद्युत सब स्टेशन हेतु सुरक्षित रखे जाने के अलावा लगभग तीन एकड़ भूमि लगी भूमि को पूर्व में विद्युत मंडल दर्ज किए गए। शिकायत का निराकरण करते हुए अतिरिक्त 3 एकड़ भूमि को उनकी शिकायत के आधार पर छोड़ा जा चुका है। जिसे अब पुनः अनाआवेदक सहित अन्य 22 ग्राम वासियों के विरुद्ध शिकायत दुर्भावपूर्ण एवं परेशान करने की नीयत से पेश किए जाने के कारण शिकायत को निरस्त किया जाना चाहिए। ऐसा ग्राम वासियों का कहना है। जिसका आवेदन तहसील कार्यालय में किया गया है। अब आने वाले समय में ही पता चल पाएगा। किस प्रकार के कार्यवाही इन ग्रामीणों के ऊपर की जाएगी। फिर हाल विद्युत कंपनी के शिकायत के आधार पर उक्त जगह से अतिक्रमण को हटाया गया है। मौके पर निहित, लताबाई, मनोज कुमार, राजेंद्र, चेतन, मनहरण, गोपी, केजू राम, कीर्तन, त्रिलोक, संजय, चंद्रकांत, मुरली, हेमलाल, छन्नू, बली, हेमलाल, कुंदन, राजेश, हेमंत, जागृत, राजेश सहित द्रोपती, शुकवारो, ममता,दुर्गा, फूलेश्वरी, वीणा, गुलाब, नीरा ,तामेश्वरी गंगा उपस्थिति रही।

# एनएसएस कैंप जारा में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उच्च रोहाँसी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 26/12/2024 से 01/01/2025 किया जा रहा है जिसमें तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में कवि संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोहासी स्कूल शाला विकास समिति अध्यक्ष लोकेश्वरचंद कन्नौजे एवं विशिष्ट अतिथि संदीप पांडे जिला सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना रक्तदान से संबंधित पशु चिकित्सा मोबाइल क्रांति एवं जीवन का और आगे भविष्य में पढ़ाई के बाद क्या करना है इसके बारे में जानकारी दिया, वन विभाग टण्डन सर ने ध्यानयोग एवं पढ़ाई में ध्यान देने की बात कही, वन समिति के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने अपने जीवन मे पेड़ पौधा के संरक्षण एवं पेड़ पौधा लगाने कि बात कही, वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं रजक कल्यान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों के बारे मे जानकारी दी, पूर्व स्वयंसेवक पिंटू वर्मा ,केजराम यादव ने एनएसएस के बारे में जानकारी दिया, और रोहासी स्कूल के पूर्व छात्र वरिष्ठ स्वयंसेवक योगेश साहू, रोहित साहू, कुनाल सेन ने एनएसएस कैम्प जारा को युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद, माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र सप्रेम भेट किया, उक्त अवसर पर, ईश्वरी साहू, योग टीचर भरत, तुमंन रात्रे, अंजू साहू, भुवनेश्वरी आनन्द, रिया साहू, लूकेश साहू,वंदना साहू, एवं विद्यालय में बच्चे उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सह प्रभारी योगेश गेंदले और आभार प्रकट विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी दिनेश साहू ने किया।

# छ.ग. मरार पटेल महासंघ राजनीति प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की घोषणा

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



छ.ग. मरार पटेल महासंघ राजनीति प्रकोष्ठ का बैठक पटेल विद्या मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में मरार पटेल महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल की अनुशंसा से घोषणा किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रथम बैठक 3 जनवरी 2025 को समय 11 बजे से स्थान पटेल विद्या मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में रखा गया है। प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल कसडोल, कार्यकारी अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल बालोद, कार्यकारी अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे पटेल खैरागढ़, संयोजक संतोष पटेल समनापुर, उपाध्यक्ष चेतेश्वर पटेल टेमर, दिलीप पटेल भिलाई, दुर्गा प्रसाद पटेल पंडरिया, अशोक पटेल मस्तूरी, राजू पटेल रणवीरपुर, तुलसी पटेल भिलाई, संरक्षक पवन पटेल महासमुंद, बसंत पटेल पाली, विजय पाटिल बोड़ला कबीर धाम, महासचिव केशव पटेल भिलाई, सचिव अशोक पटेल दुरपा, पप्पू पटेल महासमुंद, राजकुमार पटेल डोंगाकोहरौद, सह सचिव सत्यनारायण पटेल परसदा कला, पदम शंकर पटेल सीरियाडीह, जीवन पटेल राजनांदगांव, संगठन सचिव नवीन पटेल नररा, गंगाप्रसाद पटेल कोहरौद, नंदराम पटेल गोरबी, प्रचार सचिव अशोक पटेल दिघारी, दीना पटेल डोंगडगाव, ललिता पटेल जुराली कोरबा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार पाटिल मारो, सह कोषाध्यक शेखर पटेल रायपुर, ओंकार पटेल बिलासपुर, अंकेक्षण भूखन पटेल उताई, सह अंकेक्षण भरतलाल पटेल लोहरा, लल्लाराम पटेल विद्याडीह, प्रमुख सलाहकार नारायण पटेल बड़गढ़, उम्मेदराम पटेल बलौदा बाजार, अनंतराम पटेल सरायपाली, सलाहकार सत्कार पटेल चारामा, दरश राम पटेल जोगीडीपा, गुलाब पटेल गिधपुरी, मीडिया प्रभारी सत्यनारायण पटेल टुण्डरा, सत्यकुमार पटेल चारपारा, कलीराम पटेल ताराशिव, कार्यालय प्रभारी टिकेश्वर पटेल नवरंगपुर, सह प्रभारी देवेंद्र पटेल मचहा, जवाहर पटेल गिरौदपुरी, कार्यकारणी सदस्य रमाकांत पटेल भटगांव, हेमंत पटेल अमोरा, विश्राम पटेल कोनारी, मुरलीमनोहर पटेल पनगाव, भरथरी पटेल चन्द्रखुरी, अनिल पटेल सुन्दरा, नेमी पटेल नवागांव, पुनीत राम पटेल घानघाट, संदीप पटेल तखतपुर, आत्मा नारायण पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल, लोचन पटेल, सुनील पटेल, रामकुमार पटेल, ब्रह्मदेव पटेल, राजेंद्र कुमार पटेल, कृपा सिंधु पटेल, परमानंद पटेल, विजय पाटिल, अनिल पटेल, श्रीराम पटेल, का नाम घोषणा किया गया है।

# मोहभटठा में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधियों ने मत्था टेक कर लिया आशीर्वाद




पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

सतनामी समाज मोहभठ्ठा ने बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई। सामाजिक महिला, युवा, सियानो ने भव्य कलश यात्रा, पंथी नृत्य, मिनीमाता मूर्ति का अनावरण, गुरुगद्दी बाबा जैतखाम की पूजा आरती कर चौका आरती भंडारी प्रभुराम जोशी ने विधिवत संपन्न किया। रात्रिकालीन करमतरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की भव्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे।राजकीय शोक के कारण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, उमाकांत चंद्राकर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस, रूपचंद साहू सभापति जप, दुजनारायण चतुर्वेदी पूर्व सरपंच ने आरती कर ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली की मंगलकामना किए। इस अवसर पर हेमलाल सोनवानी, सागर कोसरे, लक्ष्मी चंद्राकर, मोरध्वज चंद्राकर, सूर्या, बंशीलाल कोसरे, लोकेश चतुर्वेदी, सुभाष चंदेल, नरेंद्र कोसरे, अक्षय जोशी सतनाम युवा, महिला सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लोधी समाज के जाति जनगणना प्रगति पर युवा अध्यक्ष रवि सिंगौर कर रहे हैं नेतृत्व



पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

लोधी समाज जातिगत जनगणना को लेकर लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के आह्वान पर जिलाध्यक्ष बनाऊ सिंह वर्मा व युवा जिलाध्यक्ष रवि सिंगौर के नेतृत्व पर दुर्ग जिला के सर्किलो मे जाकर जनगणना फार्म को लेकर धमधा सर्किल अध्यक्ष ढालू सिंह वर्मा, बोरी सर्किल अध्यक्ष नन्दलाल वर्मा अहिवारा सर्किल अध्यक्ष खोमन पटेल से मुलाक़ात कर जल्द जल्द जिला मे जनगणना को पूरा करने के विषयो पर चर्चा हुआ। जिलाध्यक्ष रवि सिंगौर ने बताया की बहुत जल्द जिला के सभी सर्किलो मे युवा सर्किल अध्यक्षों की घोषणा किया जायेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री उधो सिंह जंघेल, जिलाउपध्यक्ष बसंत सिंगौर, युवराज पटेल, बिच्छू वर्मा, दुर्योधन वर्मा, सहित अन्य सामजिक जन मौजूद रहे।

# विधायक दीपेश साहू ने किया बेमेतरा लोलेसारा मेला स्थल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम लोलेसरा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंथ हुजूर उग्रनाम साहब स्मृति संत समागम मेला का आयोजन हो रहा है। 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने स्थानीय विधायक दीपेश साहू तथा एडीएम प्रकाश भारद्वाज एसपी रामकृष्ण साहू सहित अधिकारी कर्मचारी ने चार दिवशीय आयोजित होने वाले संत समागम मेला स्थल का निरीक्षण किया। साहू ने सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने मेला के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की मेले में आने वाले लोगों को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि लोलेसरा में होने वाले आयोजन की विशालता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं। इस आयोजन की चर्चा अब दूर दूर तक होने लगी है साहू ने मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि की जानकारी ली। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा को निर्देश दिए कि वे अपने सफाई कर्मचारियों को मेला स्थल में तैनात करें। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, विजेंद्र वर्मा मेला समिति अध्यक्ष, राजू देवांगन, योगेश वर्मा, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, निखिल साहू, राकेश वर्मा, नागेश शांडिल्य, महेश साहू, ओमकार साहू, देवराम साहू, यादवराम साहू, खेलन वर्मा, सुमित वर्मा, विजेंद्र वर्मा पटवारी सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण एवं अधिकारी कर्मचारी एवं आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# निगम की टीम ने चाईनीज मंजा बेचने वालो पर की कार्यवाही, मंजा जप्त करने के साथ अर्थदंड भी लगाया

पायनियर संवाददाता भिलाई-3
www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी से मिले निर्देश के उपरांत नगर निगम भिलाई चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में चाईनीज मंजा बेचने वालो पर ताबडतोड कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मंजा बेचने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्रदान किये गये थे। जिसके पश्चात् संपूर्ण भिलाई03 एवम चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा करते हुए नुकसानदायक पतंग मंजा जप्त किया गया। बता दें कि ये देखा गया है कि छोटे उम्र के बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने और दूसरे पतंग वालो की पतंग काटने धारदार मंजे का प्रयोग कर पतंगबाजी की जाती है जिसके कई बार बेहद गंभीर परिणाम देखे गये है। कही हाथ कट जाना, तो कही गले में मंजा लगने से गले पर गंभीर चोट लग जाना। ना जाने कितने ही मामलो में मंजे के कारण लोगो का चोटिल होना देखा सुना पाया गया है जिसके कारण जिला प्रशासन से मिले मार्गदर्शन के अनुरूप चाईनीज मंजा बेचने वालो पर अर्थ दंड लगाकर भविष्य के लिए हिदायत दी जा रही है। विगत दिनांक निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई और चरोदा में फैंसी और जनरल समान विक्रेता दुकानदारों की सघन चेकिंग किये जाने पर 24 नग प्रतिबंधित मंजा जप्त किया गया साथ ही 2800 रु अर्थदड भी लगाया गया। निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, रायटर चंद्रिका प्रसाद साहू, सफाई सुपरवाईजर रविकुमार वर्मा सफाई सुपरवाईजर अरुण कुंजाम समेत पूरी टीम द्वारा 22 दुकान की चेकिंग की गयी।

# टुकेश बने अध्यक्ष कुनाल सेन, डिगेश्वरी सेन उपाध्यक्ष रोहित साहू बने सचिव



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

शा नवीन महाविद्यालय वटगन में एल्युमिनि एसोसिएशन पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष टुकेश साहू उपाध्यक्ष कुनाल सेन, डिगेश्वरी सेन सचिव रोहित कुमार साहू सह सचिव उल्लास वर्मा को बनाया बनाया गया। एलुमिनि एसोसिएशन आनी पूर्व छात्र संघ, पूर्व छात्रों को एक साथ लाने वाला समुदाय होता है. यह संगठन, पूर्व छात्रों को उनके शैक्षणिक संस्थान या पूर्व नियोक्ता से जोड़े रखता है पूर्व छात्र संघ के ज़रिए, पूर्व छात्रों को अपने साथी स्नातकों और संस्थान से जुड़े रहने में मदद मिलती है. पूर्व छात्र संघ के कुछ फायदे, पूर्व छात्रों के बीच संबंध बेहतर होते हैं, नेटवर्किंग के अवसर मिलते हैं. पूर्व छात्र कार्यक्रम आयोजित होते हैं. संस्थान और उसके छात्रों के लिए धन जुटाने में मदद मिलती है. पूर्व छात्रों को अपने शैक्षणिक संस्थान और साथी स्नातकों से जुड़े रहने में मदद मिलती है. नए पूर्व छात्रों को सहायता मिलती है. समान पृष्ठभूमि वाले लोगों से दोस्ती और व्यावसायिक संबंध बनाने का मौका मिलता है. पूर्व छात्र संघ, अक्सर विश्वविद्यालयों या उनके विभागों के आस-पास संगठित होते हैं, इस गठन के अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित वटगन कालेज के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, nss कार्यक्रम अधिकारी रामप्रकाश जोशी, वाणिज्य विभाग प्रोफेसर प्रवीण पैकरा, उमेश श्रीवास, शुभम, छत्रपाल राठी, डॉ नोहर डहरिया, पुष्पा वर्मा, भूमिका साहू पूर्व छात्र में दीपक साहू, शिवा, चित्रगुप्त, विद्या तिवारी, नीलिमा साहू एवं पूरे 2018 से 2022 के बैच वाले छात्र छात्राओं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बगीचा महाविद्यालय को दिलाया सम्मान

# पंकज, श्याम, राज, मीना ने रचा इतिहास

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






वर्षों तक बगीचा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बाह्य गतिविधियों से अनभिज्ञ थे कभी उन्हें बाहरी दुनिया को देखने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था कभी ब्लॉक से बाहर जाने का मौका नहीं मिला प्रतिभा होने के बावजूद किस्मत को कोसते रहे लेकिन आज महाविद्यालय के स्वयंसेवक देश दुनिया में अपनी प्रखर प्रतिभा दिखाकर जिले एवं विश्वविद्यालय की शान बने हुए हैं जिला के एनएसएस अधिकारी डॉ विनायक साय के मार्गदर्शन व महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में राज भगत ने एनआईसी कैंप पश्चिम बंगाल में अपनी सहभागिता दर्ज करा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है मीना नागेश ने राष्ट्रीय एकता शिविर इंदौर में अपनी उपस्थिति देकर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं दूसरी और पंकज तथा श्याम ने रायपुर में होने वाले यूनिसेफ के नोनी जोहर 3.0 कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज करा कर महाविद्यालय को सम्मान दिलाया है पंकज यादव आज जशपुर जिला के जय हो कार्यक्रम के जिला लीडर हैं तथा श्याम यादव जय हो के बगीचा ब्लॉक लीडर हैं इन सब सफलताओं के पीछे महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा एवं जय हो कि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शालिनी गुप्ता का विशेष योगदान रहा है शालिनी हमेशा कहती है कि मुझे एनएसएस प्रमाण पत्र नहीं मिल सका लेकिन मैं सभी कार्यक्रम के सर्टिफिकेट में बगीचा के स्वयंसेवकों का नाम देखना चाहूंगी उनके मार्गदर्शन में बगीचा महाविद्यालय नहीं उड़ान भर रहा है महाविद्यालय की स्तंभ मानी जाने वाली गीतांजलि शर्मा की भूमिका भी बेहद अहम है जो हमेशा परदे के पीछे रहकर छात्रों को सजाने संवारने का काम करती हैं समूचे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने बड़ी जिम्मेदारी पूर्वक स्वयंसेवकों को ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना सर्वोत्तम योगदान दिया है।

# निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप: चिकित्सक किरन वर्मा करेंगी बॉडी स्कैनिंग टेस्ट

पायनियर संवाददाता मनेद्रगढ़
www.dailypioneer.com



स्वस्थ जीवन शैली एवं नियमित दिनचर्या से लंबे समय तक स्वस्थ शरीर एवं प्रफुल्लित मन प्राप्त किया जा सकता है। इसी पृष्ठभूमि पर आधारित स्वस्थ जीवन शैली के लिए निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर योग प्रांगण में नए वर्ष के उपलक्ष में 1 जनवरी को प्रातः 6:30 बजे से किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से स्वस्थ जीवन शैली के लिए समर्पित सुप्रसिद्ध चिकित्सक किरण वर्मा द्वारा पतंजलि योग समिति के माध्यम से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बॉडी कंपोजिशन के अतिरिक्त प्रोटीन ,बॉडी फैट,पानी, विशरल फैट, आदि की जांच स्क्रीनिंग मशीन के माध्यम से की जाएगी निशुल्क चिकित्सा के बाद संबंधित मरीज को बॉडी हिस्ट्री के तहत रिपोर्ट भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक नेत्राधिकारी आर डी दीवान एवं पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय से संपर्क किया जा सकता है।



# क्या फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर? इस तस्वीर से तेज हुईं अटकलें



इंटरनेट पर कई तरह की अटकलें अक्सर लगाई जाती हैं। वहीं, जब बात बॉलीवुड की होती है, तो ये और भी तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसने नेटिजंस के बीच कयासों के बाजार को गर्म कर दिया है। इसे देखने के बाद लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आमिर खान और रणबीर कपूर किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं।

### तस्वीर की वजह से तेज हुई चर्चा

इस तस्वीर में रणबीर कपूर मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या यह एक सिर्फ सामान्य मुलाकात थी या फिर दोनों के बीच कोई नए प्रोजेक्ट पर बात चल रही है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे लोग सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज रणबीर कपूर आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ। लगता है आमिर खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ तो पक रहा है। इस तस्वीर पर नेटिजंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, मैं जरूर चाहूंगा कि ये दोनों साथ में आएं। आशा है भविष्य में यह हो। एक अन्य ने लिखा, कुछ तो हो रहा है।

### पहले भी साथ आ चुके हैं नजर

आमिर खान और रणबीर कपूर ने इससे पहले फिल्म 'पीके' में साथ काम किया था। रणबीर कपूर ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के आखिरी सीन में विशिष्ट भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। अगर दोनों एक साथ फिर से किसी फिल्म में नजर आते हैं, तो यह निश्चित ही दोनों सितारों के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।



# साउथ में डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं आयरा बंसल

गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी। म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।

# रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बनते प्रियंका-दिलजीत फिर नहीं बनी फिल्म?



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में एक अलग मुकाम पाने के बाद हॉलीवुड में एक्टिव हैं, वह बेहतरीन हॉलीवुड सीरीज और फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। इसी तरह पंजाबी सिंगर दिलजीत जहां, पंजाबी फिल्मों के अलाव बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं, वहीं अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट दिल लुमिनाटी से देश-दुनिया में अपना अलग नाम बना रहे हैं, उन्हें भी इंटरनेशल मीडिया ने एक ग्लोबल स्टार मान लिया है। कुछ साल पहले यही दोनों कलाकार यानी प्रियंका और दिलजीत एक रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन यह फिल्म नहीं बन पाई? इस फिल्म के निर्माता बोनी ने कपूर ने हाल ही में इस पेंडिंग फिल्म से जुड़ी जानकारी दी।

### प्रियंका को पसंद आया किरदार

निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि प्रियंका चोपड़ा के हॉलीवुड में सेटल होने से पहले एक फिल्म बनाने की प्लानिंग थी, जिसमें वह दिलजीत दोसांझ को लेना चाहते थे। दिलजीत को फिल्म में प्रियंका का लव इंट्रेस्ट बनना था। बोनी बताते हैं कि फिल्म का अपना किरदार प्रियंका चोपड़ा को बहुत पंसद आया था।



### नहीं बन पाई फिल्म

बोनी कपूर आगे बताते हैं कि किन्हीं कारणों से यह फिल्म नहीं बन पाई। लेकिन वह लंबे समय से दिलजीत के साथ काम करना चाहते थे। वह इस पंजाबी कलाकार की तरक्की से काफी खुश हैं, उनकी एक्टिंग के भी कायल हैं।

### नो एंट्री 2 में दिलजीत करेंगे कॉमेडी

अगले साल बोनी कपूर की प्रोड्यूस फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत दोसांझ अहम रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट हुआ था, जिसमें सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। अब फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाएंगे। इसके अलावा भी दिलजीत दोसांझ अगले साल कुछ और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आएंगे।



# विज्ञापन के लिए साथ आए सलमान-ऋतिक

सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है।

ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। कहो ना प्यार है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है।

### जल्द ऑन एयर होगा विज्ञापन

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।

# पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

**बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।**

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। 2020 में रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था। 2022 में वह गेम शो द खतरा खतरा शो में देखी गईं, जिसे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म जोगीरा सारा रा रा में कॉकटेल गाने में एक विशेष भूमिका निभाई। 2024 में वह रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात अरबाज पटेल से हुई, जिन्हें स्प्लिट्सविला 15 में भी देखा गया था। उनकी प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वे बिग बॉस मराठी 5 में प्रतियोगी थे। दोनों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया।





# तेनाली का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है

पॉपुलर टीवी शो तेनाली रामा एक बार फिर से लौटा है। यह शो नई कहानी और नए किरदारों के साथ प्रसारित हो रहा है। कृष्ण भारद्वाज, तेनाली के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनसे शो को लेकर हुई खास बातचीत...

शो में तेनाली के विजय नगर लौटने के साथ एक रोमांचक नए चरण की शुरुआत हुई, क्योंकि राज्य से बाहर कर दिए जाने के बाद वह क्षेत्र एक संभावित खतरे का सामना करता है। विजय नगर की रक्षा करने का काम करने वाले तेनाली अपनी तेज बुद्धि, हास्य और रणनीतिक ज्ञान का उपयोग भूमि की रक्षा के लिए करते हैं, साथ ही चार युवा होनहार बच्चों को मार्गदर्शन भी देते हैं। तेनाली राम का किरदार निभाना मेरे लिए एक जिम्मेदारी जैसा है।

### लाइफ में क्या बदलाव पाते हैं तेनाली प्ले करते हुए?

तेनाली की बुद्धि और करुणा आज भी हमें बहुत कुछ सिखाती है। एक एक्टर के तौर पर उनके किरदार में ढलने से मुझे एक ऐसे किरदार की बारीकियों को समझने का मौका मिलता है जो एक तरफ तो बहुत बड़ा है वहीं दूसरी तरफ बहुत मानवीय भी है। बाकी मुझे लगता है कि ये किरदार प्ले करके मैं अधिक खुश रहता हूं। लाइफ बेटर फील होती है, कई समस्याओं के हल मिल जाते हैं। तो इस तरह से मुझे ये किरदार बदलता है। चूंकि हम हर दिन, पूरे महीने, महीने, पूरे साल उसी किरदार में रहते हैं तो दिमाग में कहीं न कहीं उसका थोड़ा सा अंश लंबे समय तक बना ही रहता है।

### शो के लिए फिर से क्या तैयारियां रहीं। क्या प्रोस्थेटिक भी इस्तेमाल हुआ?

तैयारियों की बात करूं तो चार सालों का जमा हुआ एक्साइटमेंट है। मुझे जो कुछ भी लाइफ में मिला है वह इस शो के जरिए ही मिला है। शो के लिए एक बार फिर से बालों का त्याग करने से तैयारी शुरू हुई है। हम चाहते तो प्रोस्थेटिक से भी बाल्ड लुक तैयार कर सकते थे पर ऐसा नहीं किया। यह लंबे समय तक चलने वाला शो है। हालांकि मैंने एक-दो शॉट दिए हैं प्रोस्थेटिक बाल्ड लुक में पर बहुत पेनफुल प्रोसेस थी।

### क्या आपको नहीं लगता कि आप एक ही इमेज में बंध गए हैं?

इसके पहले सोनी सब पर ध्रुव तारा शो के लिए विग और दाढ़ी लगाकर शूट किया था। उसमें एकदम एंग्री यंग मैन किरदार था। बाकी तेनाली की इमेज में तो मैं बंधा ही हुआ हूं। यह एक ऐसी इमेज है जो लोगों के मन में काफी छाप छोड़ चुकी है। इसलिए इसमें से निकलना थोड़ा मुश्किल है। अब इस शो को एक और नई जनरेशन देखेगी और कुछ अच्छा सीखेगी।

### आगे कैसे किरदार करना चाहेंगे?

मैं जिस तरह के किरदार में अपने करियर में करना चाहता था वो मुझे नहीं मिले। फिलहाल तो मुझे तेनाली से बेहतर कुछ मिल नहीं सकता। मेरी एक क्यूट सी इमेज बनी हुई है लोगों में तो मैं उसे जरूर ब्रेक करना चाहूंगा। हालांकि बतौर एक्टर मुझे खुद को एक्शन करते हुए देखना है। विलन टाइप किरदार करना है। जहां मेरे लिए कुछ चैलेंजिंग हो। मेरा ड्रीम है कि रणबीर कपूर की रॉकस्टार जैसा कोई रोल करियर में प्ले करूं।

# आयुष्मान बनेंगे सूरज बड़जात्या के नए प्रेम

सूरज बड़जात्या मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, विवाह और प्रेम रतन धन पायो जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों वो अपनी अगली फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। अब उन्हें अपना नया प्रेम मिल गया है। जी हां, उन्होंने अपने अगले निर्देशन के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी। सूत्र ने कहा, सूरज जी किसी ऐसे कलाकार को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी फैमिली दर्शकों के बीच इमेज हो और वो नए जमाने का प्रेम बन सके। आयुष्मान को वो दुनिया पसंद आई, जिसे सूरज अपनी अगली फिल्म में बनाना चाहते हैं। दूसरी ओर सूरज जी को लगता है कि आयुष्मान में प्रेम का किरदार निभाने के लिए मासूमियत और आकर्षण है।



# होटल रिसॉर्ट को 1 बजे के पहले बंद करने निर्देश, प्रमुख मार्ग व चौक चौराहों में रहेगी पुलिस तैनात, शराब पीकर वाहन चलाने वालो की खैर नही

## एनालाइजर मशीन से पुलिस पकड़ेगी पियक्कड़ों को, पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार करेंगी गश्त



### तांदुला रिसॉर्ट और स्वर्ण रिसॉर्ट में पुलिस की टीम रखेगी विशेष नज़र

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नए साल के जश्न को लेकर जिला पुलिस पुख्ता सुरक्षा इंतेज़ाम करने में जुट गई हैं। जश्न के दौरान किसी भी प्रकार से वाद विवाद से बचने के लिए जिला पुलिस ने होटल, रेस्टारेंट और रिसॉर्ट को 31 दिसंबर मंगलवार की रात्रि 1 बजे के पहले बंद करने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर रिसॉर्ट और ढाबा संचालकों को। लोग हसी खुशी नव वर्ष का स्वागत करें और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए इस बार एसपी एसआर भगत के मार्गदर्शन में पुलिस अलर्ट नज़र आ रही हैं। जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है। अपने अपने थाना व चौकी अंतर्गत 31 दिसंबर की रात को लगातार पेट्रोलिंग करने, हर आने जाने वालों पर नज़र रखने, 1 बजे के बाद सड़को पर घूमने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करने के कड़ें निर्देश दिए गए हैं। जिलेभर में जगह जगह 500 से अधिक पुलिस व यातायात कर्मी तैनात रहेंगे।

### शराब परोसने की मांगी अनुमति

दरअसल नववर्ष के स्वागत में 31 दिसंबर को जिले के कलेक्ट्रेट के बाजू में बने तांदुला रिसॉर्ट तथा बरही के स्वर्ण रिसॉर्ट सहित अन्य कुछ स्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाने की तैयारियां शुरु हो गई हैं। तांदुला रिसॉर्ट और स्वर्ण रिसॉर्ट में बालोद जिले के अलावा अन्य जिले जैसे दुर्ग-भिलाई, राजनांदगाँव, धमतरी व रायपुर से कपल व अन्य लोग पहुचेंगे। जिसे लेकर उक्त रिसॉर्ट में खासा तैयारियां चल रही है। एंट्री पासेस भी रखे गए हैं। जिसका शुल्क निर्धारित हैं। 31 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रमों को साढ़े 12 बजे से एक बजे के बीच बंद करने के कड़ें निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि तांदुला रिसोर्ट संचालक ने 31 दिसंबर को शराब परोसने की अनुमति भी मांगी है, आज सोमवार को इसकी अनुमति जिला आबकारी विभाग से मिल जाएगी। एक दिन का लाइसेंस फीस क्या होगा, यह तय नही किया गया है। कलेक्टर के पास आवेदन पहुचा है। अनुमति मिलने पश्चात रिसॉर्ट संचालक को सरकारी दुकान से ही शराब लेनी होगी। वेज नॉनवेज के साथ जमकर जाम पर जाम छलकेगा।

### बिना अनुमति शराब परोसने वालो पर होगी कार्यवाही

एडिशनल एसपी अशोक जोशी ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि नववर्ष के पूर्व संध्या से ही जगह जगह पेट्रोलिंग टीम लगाई गई है, इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस की टीम मौजूद रहेगी। नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। दोपहिया वाहन पर 3 सीट बैठ कर वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी। एनएच 30 पर भी लगातार पेट्रोलिंग टीम गश्त करेगी। एनालाइजर मशीन से चालकों की चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि साढ़े 12 बजे के बाद रिसॉर्ट, होटल, रेस्टारेंट को बंद कर दिए जाएंगे। वही उन्होंने कहा कि बिना अनुमति रिसॉर्ट, ढाबा, होटल व रेस्टारेंट में शराब परोसने वाले संचालक पर कार्यवाही की जाएगी। हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जायेगी।

### सीसीटीवी दुरूस्त रखें

एएसपी अशोक जोशी ने होटल, रिसॉर्ट संचालको को गेस्ट का रिकार्ड रखने के लिये कहा हैं। उन्हें निर्देशित करते हुए कहा है कि होटल, रिसॉर्ट में जितनी संख्या सीमित है उतना ही संख्या में गेस्ट बुलाया जाये, अत्याधिक भीड़ न करें। कार्यक्रम कराने के पूर्व स्थानीय शासन से विधिपूर्वक अनुमति लेकर कार्यक्रम करें। साथ ही होटल, रिसॉर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरा को दुरूस्त कर लेवें और जहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, वहां आवश्यक रूप से लगावें। जिससे अपराधियों में पहचान उजागर होने का भय हो और यदि घटना होती है तो घटना पश्चात पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में सहायता मिले।

### ढाबों में आज और कल पहुचेगा शराब का जखीरा

जिले के एनएच-30 और एनएच-930 मार्ग में संचालित ढाबों में नववर्ष के मद्देनजर शराब का अच्छा खासा जखीरा इकट्ठा हो जाएगा। जिसकी तैयारी ढाबा संचालकों में शूरू कर दी है। शराब दुकानों से आज सोमवार और कल मंगलवार शाम के पहले धीरे-धीरे ढाबा संचालको के द्वारा शराब बड़े पैमाने में इकट्ठा करके रखी जाएगी। जिसे 31 दिसंबर के शाम के बाद और 1 जनवरी को अनाप शनाप दामों में अवैध रूप से बेचा जाएगा। आज भी कई ढ़ाबों में शराब बेची व परोसी जा रही है।

### नशापान नही करने की अपील

जिले के एसपी एसआर भगत ने पायनियर के माध्यम से लोगों से नववर्ष को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से, बिना नशापान करे, हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने नशे में वाहन नही चलाने की भी अपील चालको व अन्य लोगों से की है। वही उन्होंने कहा कि जिले में जहां जो भी कार्यक्रम नववर्ष को लेकर संचालित होंगे वहां किसी भी प्रकार से उलंघन होने पर अपने अपने थाना-चौकी एवं पुलिस कंट्रोल रूम को तत्काल सूचना देवे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा अभ्यास परीक्षा में 184 बच्चों ने भाग लिया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए चतुर्थ मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन। लक्ष्य टीम छत्तीसगढ़ गुना राम चंदेल के सानिध्य में इंडियन पब्लिक स्कूल नवागढ़ में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें नवागढ़ के आसपास के शालाओं सहित अन्य विकासखंड से भी प्रतिभागी 184 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस टेस्ट का आयोजन शेरसिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चकलाकुंडा नवागढ़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ एवं विशेष सहयोगी शिक्षक साथी के रूप में कुमार वर्मा अतरगवां, शांत कुमार पटेल लालपुर, सुरेंद्र राम साहू डंगनिया, सपना श्रीवास्तव प्रधान पाठक बाघुल, सुखेंद्र ठाकुर नेऊर, परमेश्वर प्रसाद साहू प्रधान पाठक मुरता, कामती ठाकुर प्रधान पाठक सिवनी, शिवकुमार ध्रुव प्रधान पाठक नांदल, ओमन भास्कर प्रधान पाठक, शिव साहू प्रधान पाठक चरघट बेमेतरा, सुशीला बर्मन सहायक शिक्षिका, राजेंद्र कुमार साहू शिक्षक नेऊर, अश्वनी वर्मा का विशेष सहयोग रहा। साथ में इंडियन पब्लिक स्कूल नवागढ़ के संचालक प्राचार्य दिव्यम शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। शिक्षक शान्त कुमार पेटल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट में सभी बच्चें, अभिभावकों और भी अन्य शिक्षक शिक्षिका साथियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। बच्चों और पालकों की उत्साह जिज्ञासा हमें कार्य करने को प्रेरित करता है। यह नवोदय मॉक टेस्ट आने वाले 5 एवं 12 जनवरी 2025 को भी आयोजित होना है, जिसमें अधिक से अधिक बच्चें शामिल होकर परीक्षा के भय को दूर कर, समय प्रबंधन की समझ, प्रश्न के पैटर्न की समझ विकसित कर अपनी तैयारी को जांच परख सकते हैं।

# पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लेने पहुंचे जनसेवक शिवम् तिवारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की दिव्य श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए जनसेवक भाजपा नेता शिवम् तिवारी आत्मिक शांति और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किये। पंडित के ज्ञानवर्धक और भावपूर्ण प्रवचनों से शिव भक्तों को गहराई से शिवत्व को समझने और आत्मसात करने का अवसर मिलता है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए।

# विष्णु की पाती पाकर जिले के किसानों में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विष्णु की पाती पाकर जिले के किसानों में खुशी और उत्साह की लहर है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस आत्मीय प्रयास से किसानों को सम्मान का अनुभव हो रहा है। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा के किसान दुर्जन सिंह साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश 'विष्णु की पाती' पाकर अपनी खुशी व्यक्त की है। दुर्जन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के पत्र को पढ़कर सम्मान का अनुभव हो रहा है। मुख्यमंत्री के इस आत्मीय प्रयास से हम किसानों को काफी खुशी हुई है, यह हम सभी किसानों के लिए किसी सम्मान से कम भी नहीं है। दुर्जन सिंह ने राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी के निर्णय की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की दर में वृद्धि कर हम किसानों की मेहनत को सम्मान देने का कार्य किया है। ग्राम कोहंगाटोला के किसान ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी निर्णयों से हम किसानों की आर्थिक स्थिति अब समृद्धि की ओर है। किसान अब पारम्परिक कृषि से आगे बढ़ते हुए वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य कर रहे हैं। किसान अब अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और घर की स्थिति को भी मजबूत कर पा रहे हैं। उसने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया यह पत्र हम किसानों को आशान्वित करता है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हम किसानों के मेहनत को सम्मानित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। इसी प्रकार पाररास के किसान बसंत निर्मलकर ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी फैसलों एवं निर्णयों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। किसान रमेश कुमार साहू ने कहा कि विष्णु की पाती के माध्यम से मुख्यमंत्री ने हमसे संवाद कर हमारा मान बढ़ाया है। विष्णु की पाती मिलने से हम सभी किसानों को बहुत ही अपनत्व एवं गर्व की अनुभूति हो रही है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री के लिए आने पर सभी व्यवस्था उपलब्ध होने से हम किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई है। रमेश कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुशासन में हम सभी किसानों को समृद्धि के साथ ही सम्मान भी मिला है।

# नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक साहू हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिनमें बेमेतरा विस अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर भाजपा नेता ताराचंद साहू को कठिया एवं सुन्दर यादव को किरीतपुर सेवा सहकारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनों नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष का कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह ग्राम कठिया में रखा गया था जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान बलराम जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन क़र शुरुआत किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त दोनों अध्यक्षों ने विधायक साहू का बुके श्रीफल एवं शाल भेटकर स्वागत किया और नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत होने पर विधायक दीपेश साहू का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है। किसानो का धान एक एक दाना सरकार लेगी। उन्होंने कहा कि किसानो की सोसायटी है हम सब को मिल कर काम करना है। साहू ने कहा की आप सभी के नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इस दौरान कार्यक्रम में गौकरण राजा साहू, रामकुमार साहू सरपंच, डॉ डीपी वर्मा, अश्वनी दास मानिकपुरी, भोजराज यादव, ताराचंद साहू नवनिर्वाचित अध्यक्ष कठिया, सुन्दर यादव नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरीतपुर, धन्यश्याम साहू, संतोष टंडन, जगन्नाथ प्रसाद प्रभारी प्रबंधक कठिया, तेजराम साहू प्रभारी प्रबंधक किरीरपुर सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता, किसान, समिति के अधिकारी कर्मचारीगण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आरएसएस की शाखाएं बच्चों की नैतिकता और राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण कर सकती हैं : डॉ. सौरभ निर्वाणी

### संघ की करीबी शाखाओ में खुद बच्चों के लेके जायें अभिभावक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



किशोरों और बच्चों में आ रहे नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चरित्र के कमी को दूर करने समाज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओ का सहारा अभिभावकों के लिए उपलब्ध श्रेष्ठ विकल्प है, नेटफ्लिक्स और रील्स के इस युग में घोर मानसिक प्रदूषण से बच्चों और युवाओं को बचाने के लिए अभिभावकों को संघ के शाखाओ में बच्चों के साथ नियमित समय देना चाहिए ऐसा कहना था अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के सयोंजक डॉ सौरभ निर्वाणी का, आप चाहे किसी भी राजनीतिक प्रतिबद्धता से जुड़े हों अपने बच्चों के मन में राष्ट्रीय चरित्र का विकास करने, सामाजिक सरोकारों से जुड़ने और बहुत ही अहम बात नैतिक चारित्रिक मूल्यों के निर्माण के लिए स्वयं बच्चों को लेकर संघ स्थान जाएँ, मुझे पीड़ा होती है घरों के अंदर तक घुस आये हमारे समृद्ध सांस्कृतिक सामाजिक मान्यताओं पर हो रहे हमलों के आगे भारतीय परिवार बेबस से नज़र आते हैं, अगर आपकी राष्ट्र निष्ठा दृढ़ नहीं हुई, पारिवारिक मूल्य गहरे नहीं हुए तो हमारे संस्कृति पर हो रहे इस सुनियोजित हमलो से हम पुनः पश्चिमी मानसिकता के गुलाम हो जाएँगे। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के सयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने पूरे प्रदेश भर के अपने संगठन के लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि क़रीब के संघ की शाखाओ में जाकर अपने बच्चों में राष्ट्र चित्त उत्पन्न करें, संघ की वैचारिकी से युवाओं में मातृभूमि के प्रति जिम्मेदारी की भावना आती है,राज्य की संस्कृति देश की संस्कृति को दूषित होने से बचाने के लिए यह संघर्ष का समय है और ज़िम्मेदारी सामूहिक है किसी सरकारों के भरोसे हम इस वैचारिक युद्ध से नहीं जीत सकते।

# डोमार साहू का निधन



**उतई।** ग्राम करगाडीह निवासी तबला वादक डोमार साहू उम्र 74 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार शाम को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम करगाडीह के मुक्तिधाम मे किया गया। उनका पैतृक ग्राम चीचा (भिलाई) है। उन्होंने नाचा, महाभारत गायन, भागवत, रामायण आदि आध्यात्मिक व संस्कृति कार्यक्रमो मे तबला वादक के रूप मे अपनी सेवा दी है। वह अपने पीछे पत्नी दौपदी साहू, पुत्र ईशु साहू, दिनेश साहू, हिरेन्द साहू, केदार साहू, पुत्री उवर्शी साहू व नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

## छत्तीसगढ़ी सवांगा, बांस शिल्प कला का किया प्रदर्शन, देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागियों ने सराहा...

# सीसीआरटी दिल्ली में चयनित बालोद की पुष्पा चौधरी ने किया छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व







पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

सीसीआरटी प्रशिक्षण दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसका विषय था विद्यालय शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश। प्रशिक्षण में भारत से कुल 50 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें कुल सात राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ से कुल 15 प्रतिभागी भी शामिल हुए। जो की विभिन्न जिलों से आए हुए थे। बालोद जिला से तीन प्रतिभागी पुष्पा चौधरी, कैशरिन बैग, प्रतिभा त्रिपाठी भी शामिल हुई। प्रशिक्षण का विषय (विद्यालय शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश) के तहत प्रत्येक राज्य अपनी संस्कृति, परंपरा, धरोहर, सभ्यता को शिक्षा के माध्यम से बच्चों को अपने कला संस्कृति से जोड़कर विकास करना है। विद्यालय में शामिल करते हुए बच्चों को उनकी संपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकते हैं। बालोद जिले से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटिया (अ) में पदस्थ पुष्पा चौधरी भी शामिल हुई। जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सवांगा एवं बांस की कलाकृति का बेहतरीन अंदाज में प्रस्तुतीकरण किया। जिसने सभी का मन मोह लिया। पुष्पा द्वारा स्वयं छत्तीसगढ़ के सवांगा को धारण करते हुए अपने धरोहर के विषय में जानकारी प्रदान करने प्रयास किया गया एवं सवांगा के प्रत्येक भाग को बेहतरीन तरीके से बताया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के समस्त 15 प्रतिभागियों के द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी भारत से शामिल हुए प्रतिभागी ने सराहना की। पुष्पा ने बताया कार्यक्रम में हम सभी ने छत्तीसगढ़ के व्यंजन, शिल्प कला, सभ्यता, वाद्ययंत्र, भौगोलिक क्षेत्र, वीरों प्रसिद्ध कलाकारों के विषय में जानकारी प्रदान किया। बांस से निर्मित कलाकृति बैलगाड़ी, हल, कोपर, बायसन की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। सीसीआरटी को भेंट किया गया। जिनको छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के ग्राम पाटन के निवासी श्रीराम पटेल के द्वारा निर्मित हस्त कला कृति थी। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में इन्हीं कृषि उपकरणों के द्वारा खेती किया जाता है। जिसने भारत के पटल पर छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्धि दिलाई है। छत्तीसगढ़ के सभी 15 प्रतिभागियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुतीकरण से माहौल को खुशनुमा बना दिया गया। सभी प्रस्तुतीकरण से झूमने लगे। विद्यालय शिक्षा में हम हस्तकला को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपने संस्कृति से जुड़े रहने एवं अपने पूर्वजों के धरोहर के रूप में प्राप्त संस्कृति, कला, शिल्प के प्रति आने वाली पीढ़ी को सम्मान एवं आत्मसात कर सके इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था। शिल्पकला को हमारे बच्चों को स्कूलों में सिखाने के लिए हमारा प्रयास रहेगा। हस्तकला कौशल को हम अपने विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ उपयोग कर बच्चों को सीखा सकते हैं।

### पुष्पा चौधरी ने किया राज्य टीम का नेतृत्व

बालोद जिला से तीन प्रतिभागी भाग लिए थे। जिसमें पुष्पा चौधरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटिया में पदस्थ है। छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिनिधित्व करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई थी।उन्होंने जानकारी दी कि कला मेरा मुख्य विषय रहा है और सौभाग्य से मैं इस विषय पर मुझे दिल्ली सीसीआरटी में प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। यह मेरा परम सौभाग्य था। प्रशिक्षण में बीड्स वर्क, वर्ली आर्ट, बुक बाइंडिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना और वॉल डेकोरेशन कुल पांच विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी को हमने अच्छे से सीखा जिसे अपनी शाला में बच्चों को शिखाने का प्रयास करेंगे। प्रतिदिन अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़, बंगाल कर्नाटक, बिहार, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान प्रति प्रदेश के प्रतिभागी शामिल होकर प्रस्तुतीकरण देते थे। साथ-साथ प्रथम प्रहर में हमें विभिन्न विधाओं में पारंगत विषय शिक्षक विशेषज्ञों से रूबरू होने एवं उनसे बातचीत करने अपने विचारों को साझा करने का भी मौका मिला।इसी क्रम में महान संगीतकार सुभाष बहुगुना के द्वारा हमें तेलुगू, कश्मीरी बंगाली, हिंदी, वंदे मातरम् गीत को गाकर सिखाया। हमने अच्छे से सीखा, जिसे स्कूल में सिखाया जा सकता है। इस क्रम में महान थिएटर कलाकार विनोद नारायण इंदौरकर से भी मुलाकात करवाया गया। जिन्होंने थिएटर पर अभिनय के माध्यम से विषयवस्तु को भावों, अभिनय के द्वारा समझाया जा सकता हैं। बच्चों को शाला में सिखाया जा सकता है। अपनी भावनाओं को हम प्रदर्शित करने के लिए अभिनय के माध्यम से समझा सकते हैं। जितेंद्र बेल कालरा के द्वारा राजभाषा नीति पर विशेष जानकारी व राजभाषा के भाग, अध्याय, अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई । डिप्टी डायरेक्टर संदीप शर्मा, आशुतोष अवस्थी ने भी बहुत अच्छी जानकारी प्रदान की। प्रतिदिन के कार्यशाला में देवनारायण रजक एवं कोमल के द्वारा दिशा निर्देश दिया जाता था। प्रशिक्षण के दौरान भ्रमण के लिए दिल्ली के कुतुबमीनार व अंतराष्ट्रीय क्राफ्ट म्यूजियम का भ्रमण कराया गया। राष्ट्रीय हस्तशिल्प संग्रहालय में हम सभी प्रतिभागी ने विभिन्न प्रदेशों के प्राचीनतम एवं अद्भुत हस्तकलाओ को करीब से देखने की सुखद अनुभूति हुई। भारत के अद्भुत संस्कृति सभ्यता को जानने का समझने का मौका मिला।

### कला भावनाओं का दर्पण है

पुष्पा चौधरी ने सीसीआरटी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा सीसीआरटी एक ऐसा मंच है जहां कलाकार अपनी कला को और बेहतर तरीके से निखारने का कार्य करता है। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों के बनाए गए कलाकृति एवं पाठ योजना की प्रदर्शनी लगाई गई। जिनका निरीक्षण देवनारायण रजक, संदीप शर्मा, डॉक्टर विनोद नारायण इंदुरकर ने किया एवं विभिन्न राज्यों से एक-एक प्रतिभागी को अपने राज्य की प्रतिनिधित्व करने एवं बात रखने का मौका दिया गया। जिसमें पुष्पा चौधरी को छत्तीसगढ़ ग्रुप से चयन किया गया। वे कहती हैं कि मेरा स्कूली जीवन से ही चित्रकारी, हस्तकला में रुचि रही। अब मैं कक्षा में भी वर्ली आर्ट, क्राफ्ट आर्ट, मिट्टी की मूर्ति कलाकृति सिखाती हूं। हम सीसीआरटी से जो उद्देश्य लेकर आए हैं। अपने शालाओं में बच्चों को विरासत से प्राप्त कला, संस्कृति सभ्यता को सीखाने का प्रयास करेंगे एवं आने वाली पीढ़ी को हस्तकला कौशल के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। अंतिम दिवस में सात प्रदेशों से शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को सीसीआरटी के अध्यक्ष इंदुरकर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और 10 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति की घोषणा राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# विधान सभा के दौरे में निकले स्वास्थ्य मंत्री विभिन्न स्थानों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हालचाल जाना

## आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश कहा ऐसा काम करो की संगठन मजबूर हो टिकट देने को

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com





जिले के दौरे में निकले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल झगराखाड़, मनेंद्रगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जनसमस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान सबसे पहले हसदेव मंडल में पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता के निवास में क्षेत्र के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीयजनों से आत्मीय भेंट कर चाय पर चर्चा की और उनका हाल-चाल जाना, साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और विष्णु देव सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में उपस्थित लोगों से राय मशवरा किया वही आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं से भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैनात होने के गुर बताए उन्होंने आगे कहा कि इस बार चिरमिरी नगर निगम समेत नगर पालिका और नगर पंचायत में भाजपा का कब्जा चाहिए तभी क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सकेगा। बिहारी ने आगे कहा कि सुशासन सरकार के कार्यों एवं योजनाओं से ही क्षेत्र में खुशहाली छाई हुई है और इसे बरकरार रखने के लिए आने वाले चुनाव में कांग्रेस का सफाया करना आप लोगो की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता 100 - 100 के बराबर है। टिकट की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आप लोग बूथ स्तर, मंडल स्तर और जिले लेबल में आप के नाम की चर्चा हो ऐसा कार्य करे ताकि आपके टिकट को लेकर भाजपा संगठन आप ही को टिकट देने के लिए मजबूर हो। दौरा कार्यक्रम की अगली कड़ी में राजेश्वर सिंह के सुपुत्र विक्रम संग मोनिका के विवाह उपरांत उनके झगराखंड स्थित निवास पर पहुंचे और परिवारजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी वही मनेंद्रगढ़ पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में सिद्ध बाबा सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हुए। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों पर बात की और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और संगठन के अहम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खड़गवां प्रीमियर लीग का आयोजन, युवा समिति खड़गवां के द्वारा मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



खड़गवां प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन खड़गवां खेल मैदान में युवा समिति खड़गवां के द्वारा मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात सिक्का उछालकर विधिवत के पीएल टेनिस बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल भावना में प्रेम का संचार हो इस परिपेक्ष्य में बैंट से बल्ले का संपर्क कराकर मंत्री महोदय ने बाउंड्री लाइन के बाहर भेजा। मंच से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि खड़गवां का यह ऐसा खेल मैदान है जहां एक साथ तीन पीढ़ी के लोग खेलते है और क्रिकेट का प्रेम वैसे भी लोगों के सर चढ़ कर बोलता है। आगे उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए, जीत हार में प्रतिस्पर्धा हो सकती है लेकिन इससे हतोत्साहित होने की बजाय खेल में सुधार कर विजय लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए कड़ी मेहनत लगातार करते रहना चाहिए, इसके साथ ही खड़गवां खेल मैदान के सुधार की दिशा में कमेटी और स्थानीय नेताओं से चर्चा कर मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की बात भविष्य में की और अंत में सभी खिलाड़ियों और कमेटी को केपीएल के आयोजन की बधाई दी। विदित हो कि केपीएल टेनिस बाल में टास जीतकर गोदरीपारा इलेवन ने बॉलिंग करने का निर्णय लिया वही बैटिंग के लिए डोमनहोल के ब्लैक कोबरा टीम को आमंत्रित किया। इस अवसर पर रेणुका सिंह सोनवती उरें, लक्ष्मी सुखित लाल अगरिया, परमानंद जायसवाल, धनंजय पाण्डेय, अरुणोदय पाण्डेय, संजय सिंह, मुकेश जायसवाल धर्मपाल सिंह, रामलाल साहू, तहसीलदार खड़गवां सतीश शेखर मिश्रा, रमेश जायसवाल, सुखित लाल अगरिया, उदितनारायण सिंह, नारायण केशरवानी, हरि सिंह सरपंच दुबछोला, उदित नारायण सिंह सरपंच कटकोना, प्रताप सिंह, निरज केशरवानी, कुनाल साहू, गितेश रावत, विरझू अगरिया, धरमजीत माखान, धवल सिंह और मीडिया से राजेन्द्र शर्मा, सुमंत गांगुली, नियाज अली, विजेन्द्र देवांगन, मुन्नू रजक तथा रामप्रताप गुप्ता देवेन्द्र शर्मा फुलचन्द जाय. शैलेन्द्र गुप्ता राहुल विश्वकर्मा अब्दुल हामिद खान राहुल सिंह सतेन्द्र नाथ त्रिपाठी अमन जाय आशिष गुप्ता सहित खेल प्रेमी और समस्त ग्रामवासी खड़गवां के मौजूद रहे।

# सिख समाज द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com





सिख समाज द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने नेता, सरदार मनमोहन सिंह को जय स्तंभ चौक, मनेंद्रगढ़ में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सिख समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर सरदार मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सिख समाज के सदस्य हाथों में श्रद्धांजलि के प्रतीक फूल लेकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान एक सशक्त संदेश दिया गया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पूरे जीवनकाल में देश की सेवा की है और भारत को विश्व पटल पर मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में भारत की आर्थिक नीतियों को मजबूती मिली और उनके द्वारा किए गए सुधारों ने देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि "वाहेगुरु अपने चरणों में स्थान दें हमारे भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी भारत देश के लिए समर्पित कर दी। ऐसे प्रधानमंत्री को कोटि-कोटि नमन।" सिख समाज ने इस श्रद्धांजलि समारोह के माध्यम से सरदार मनमोहन सिंह की नीतियों और कार्यों को सलाम करते हुए उनके योगदान को हमेशा याद रखने की बात कही।

# 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल हुये शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com







सकल दिगंबर जैन समाज मनेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है । इस महायज्ञ में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भईया भी शामिल हुये और इस धार्मिक आयोजन में उन्होंने छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना की। जायसवाल ने जैन मुनि सागर जी महाराज एवं अतुल सागर महाराज से आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य न केवल सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा का प्रचार करना था, बल्कि विश्वभर में शांति, समृद्धि और अहिंसा की भावना को फैलाना भी था। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ महायज्ञ में हिस्सा लिया। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, "ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हम सभी को अपने जीवन में अहिंसा, सत्य और परोपकार की भावना को स्थान देना चाहिए। इस महायज्ञ के माध्यम से हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं और समाज में शांति का संदेश फैलाने में योगदान दे सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "धर्म के इस महाकुंभ में भाग लेकर मुझे अपार खुशी और आंतरिक शांति का अनुभव हो रहा है। जैन समाज के इस आयोजन से हमें जीवन की सच्ची राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समाज में फैली बुराइयों और अशांति को दूर करने के लिए हमें ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए।" महायज्ञ के दौरान जैन मुनि सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन के उच्च उद्देश्य और धर्म के महत्व के बारे में उपदेश दिए। उन्होंने कहा, "सिद्धचक्र महामंडल विधान और महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में शांति, समृद्धि और एकता लाने का एक मार्ग है। यह हमें अपने अंदर की शांति और सद्भावना को समझने का अवसर देता है।" उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने जीवन में अहिंसा, प्रेम और करुणा के सिद्धांतों को अपनाएं और दूसरों की भलाई के लिए काम करें। मुनि सागर जी महाराज ने यह भी कहा कि सिद्धचक्र विधान के माध्यम से हम अपने अंदर की बुराइयों को समाप्त कर सकते हैं और अपने जीवन को सच्चे अर्थों में धन्य बना सकते हैं। महायज्ञ के इस अवसर पर कई प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियों ने भाग लिया और आयोजन की सफलता की कामना की। सभी ने इस महायज्ञ की महिमा का प्रचार किया और इस प्रकार के आयोजनों की समाज में बढ़ती हुई आवश्यकता पर जोर दिया।

# जिला रेडक्रास सोसायटी का निर्वाचन संपन्न




पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

इंडियन रेडक्रास सोसायटी, राज्य ईकाई के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला रेडक्रास सोसायटी, दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी, उत्तम कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी, डॉ. आर.के. खण्डेलवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी, शिवानंद मिश्रा, पर्यवेक्षक, राज्य शाखा, रायपुर एवं कुबेर देशमुख, पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग के सभागार में जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जिसमें हेमंत देवांगन, गणेश कुमार ताम्रकार, दीपक बंसल, जीवन लाल ताम्रकार, ओमप्रकाश वर्मा, भूमिका अमृत, सुशील असाटी, राजकुमार तिवारी, युवराज देशमुख, डॉ. राहुल गुलाटी, अरविन्द सुराना, विजय कुमार ताम्रकार, अशोक कुमार देशमुख, डॉ. मानसी गुलाटी, राज अढ़तिया, जगजीत सिंह धीर, अजय नारायण, अजय वर्मा, डॉ. संतोष कुमार सार, प्रमोद कुमार वाघ, नरेश कुमार दहिया, राजेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शरद पाटनकर, डॉ. एम. के. हिशीकर निर्वाचित हुये। निर्वाचन उपरांत समिति के सदस्यों की प्रथम बैठक आहूत की गयी। जिसमें डॉ. शरद पाटनकर, चेयरमेन, डॉ. राहुल गुलाटी, वाईस चेयरमेन, प्रमोद कुमार वाघ, कोषाध्यक्ष, युवराज देशमुख, राज्य ईकाई हेतु जिला प्रतिनिधि मनोनित किये गये। जिला ईकाई के समस्त उपस्थित सदस्यों के द्वारा निर्वाचित एवं मनोनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुये स्वागत किया गया।

# आईसीएआई में पहुंचने वाले सीए दिनेश अग्रवाल का शहरवासियों ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश से पहली बार विगत 8 दशकों के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंट की भारत देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था आईसीएआई भारतीय संधि लेखा परिषद में सात राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव में भाग लेकर विजई रहने वाले शक्ति-बिलासपुर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट दिनेश अग्रवाल का शक्ति शहर के कमला हरी एवेन्यू में नागरिक अभिनंदन किया गया, इस अवसर पर नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सीए दिनेश अग्रवाल,बिलासपुर के सीए सुरेंद्र अग्रवाल, सीए विनोद मित्तल बाराद्वार,राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश जिंदल, शक्ति के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेश अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, कमलेश निगानिया कम्मू, श्रीकिशन अग्रवाल लीला, सत्य विद्या ज्वेलर्स के संचालक अरुण अग्रवाल, सुरेश जिंदल, कमला हरी एवेन्यू की डायरेक्टर अरुणा अग्रवाल, राखी अग्रवाल अकलतरा, उषा कलानोरिया बाराद्वार सहित अन्य अतिथि गण मौजूद रहे। इस दौरान अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने आईसीएआई में निर्वाचित होने वाले सीए दिनेश अग्रवाल का शाल श्रीफल के माध्यम से स्वागत- अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है एवं आप पूरे छत्तीसगढ़ के गौरव है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सीए की इस सर्वोच्च संवैधानिक संस्था में पहुंचकर शहर का नाम रोशन किया है, हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, वही सीए दिनेश अग्रवाल को शहर वासियों की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया तथा सम्मान से अभिभूत सीए दिनेश अग्रवाल ने कहा कि मेरी कर्मभूमि शक्ति शहर है, एवं यह चुनाव एक चुनौती था, जिसमें सात राज्यों में लगभग 78 हजार चार्टर्ड अकाउंटेंट मतदाता के रूप में इस निर्वाचन में शामिल हुए तथा 28 उम्मीदवारों में कुल 12 उम्मीदवार निर्वाचित हुए जिसमें छत्तीसगढ़ से आप सभी के आशीर्वाद ने मुझे आपके प्रतिनिधि के रूप में इस संवैधानिक संस्था में भेजा है।

# बीएड कॉलेज में डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



शहर में बीएड कॉलेज में महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस, जिला कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, कांग्रेस पार्टी के अनुसंगठित संगठन और समस्त कांग्रेसजन शामिल हुए। सभी ने मिलकर डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि "डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए देश ने एक नई आर्थिक प्रगति देखी। हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।" ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि "डॉ. मनमोहन सिंह का कार्यकाल भारतीय राजनीति में स्वर्णिम युग जैसा था। उनकी नीतियों ने देश को वैश्विक मंच पर एक नया स्थान दिलवाया। आज हम उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन करते हैं।" वरिष्ठ कांग्रेसी अधि. रमेश सिंह ने कहा कि "स्व. डॉ. मनमोहन सिंह की कड़ी मेहनत और नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। उनका काम हमेशा हमें प्रेरित करता रहेगा। आज इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से हम उनका सम्मान कर रहे हैं।" पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी ने कहा कि "डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने कई बड़े बदलाव देखे। उनकी नीतियों ने न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि हमारे देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।" पार्षद अनिल प्रजापति ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि "स्व. डॉ. मनमोहन सिंह का कार्यकाल भारत के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उनका कड़ा और दूरदर्शी नेतृत्व भारत को संकटों से उबारने में सक्षम था। हम उनके योगदान को हमेशा सराहेंगे।" इस कार्यक्रम के दौरान, सभी वक्ताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को सराहा और उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धर्म परिवर्तन कर लेने वाले लोगों की हुई घर वापसी

# सक्ती की सर्व सनातन हिंदू पंचायत में पहुंचे हजारों सनातनी

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com





शहर के नंदेली भाटा मैदान में 29 दिसंबर को सर्व सनातन हिंदू पंचायत विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से जहां हिंदुवादी संगठनों की दिग्गज हस्तियों ने पहुंच कर सनातन धर्म की रक्षा के लिए लोगों से आवाहन किया, तो वहीं इस कार्यक्रम के दौरान शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे तथा पूरा शक्ति शहर भगवा ध्वजों से नजर आ रहा था एवं नंदेलीभाटा मैदान में भी जहां पुलिस प्रशासन सैकड़ो की संख्या में तैनात थी,तो वही इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो परिवारों की जिन्होंने धर्म परिवर्तन कर लिया था उनकी घर वापसी हुई तथा विधिवत उनके पैर धोकर कार्यक्रम में मौजूद हिंदू नेताओं ने उनकी वापसी कराई तथा पूरा परिसर जय श्री राम के श्रीघोष से गूंज उठा कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां शक्ति जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी जुटे रहे, तो वहीं 28 दिसंबर की रात्रि हुई बारिश से पूरा परिसर जलमग्न हो गया था।

जिसे रातों-रात आयोजक संस्था के सदस्यों द्वारा जी जान एक कर उसे व्यवस्थित किया गया तथा 29 दिसंबर की सुबह से ही जिले के विभिन्न स्थानों से लोग पहुंचने लगे थे एवं कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी पार्किंग एवं जगह-जगह बेरीकेटिंग की हुई थी, तथा कार्यक्रम के दौरान जहां महिलाओं की भी भारी संख्या रही तो वही आयोजन को सफल बनाने में हिंदूवादी संगठन जोर-जोर से लगे रहे, शक्ति शहर में पहली बार ऐसा विराट हिंदू सम्मेलन देखने को मिला, जिसमें धर्म परिवर्तन कर लेने वालों की हिंदू धर्म में वापसी का कार्यक्रम हुआ तथा लोगों का कहना था कि अनेकों लोग लालच में आकर धर्म परिवर्तन कर लेते हैं, किंतु उन्हें पुनः हिंदू धर्म में वापस लाने का काम सतत चल रहा है। ज्ञात हो की नवगठित शक्ति जिले में एवं शक्ति शहर में ईसाई मिशनरियों द्वारा जोर-जोर से धर्मांतरण का कार्य विगत एक लंबे अरसे से किया जा रहा है, तथा शक्ति विधानसभा, चंद्रपुर विधानसभा में अनेकों ऐसे स्थल है जहां भारी संख्या में वर्ष भर धर्मांतरण का कार्य चलता है, तथा गरीब परिवारों को प्रलोभन देकर उन्हें धर्मांतरण करवा दिया जाता है, तथा इसे देखते हुए शक्ति शहर में अनेकों बार हिंदूवादी संगठनों ने इसके खिलाफ आवाज भी उठाई,किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में तत्कालीन कांग्रेस की सरकार में धर्मांतरण रोकने को लेकर कोई विशेष पहल शासन द्वारा नहीं हुई जिसके चलते लोगों ने धर्मांतरण कर लिया, किंतु अब प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार आने के बाद ऐसे क्षेत्रो को चिन्हांकित कर वहां बड़े व्यापक रूप से हिंदू सम्मेलनों का आयोजन कर धर्मांतरण कर लेने वाले परिवारों की फिर से हिंदू धर्म में वापसी करवाई जा रही है, तथा जिस स्थान पर 29 दिसंबर को शक्ति में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इस जगह से लगकर ही तत्कालीन कांग्रेस की सरकार में मसीह समाज द्वारा चर्च बनाए जाने का भी प्रस्ताव लाये जाने की चर्चा जोरों से थी, जिसका हिंदूवादी संगठनों ने विरोध भी किया था।

# अमरकंटक में अग्निकांड पीड़ितों के लिए सहायता राशि भेजी गई

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



मुनि सागर महाराज की प्रेरणा से अमरकंटक में अग्निकांड पीड़ितों के लिए सहायता राशि भेजी गई. विगत दिनों अमरकंटक में हुए अग्नि कांड में अनेक जैन परिवारों का भारी नुकसान हुआ था। इस दुखद घटना से प्रभावित लोगों की मदद हेतु मनेन्द्रगढ़ नगर में विराजमान मुनि सागर महाराज की प्रेरणा से एक बड़ी सहायता राशि भेजी गई। मुनि की प्रेरणा से मनेन्द्रगढ़ नगर में लगभग 2.5 लाख रुपए की मदद एकत्रित की गई, वहीं ललितपुर, छतरपुर और आसपास के अन्य स्थानों से कुल 3.5 लाख रुपए की राशि एकत्रित की गई। इस प्रकार कुल 6 लाख रुपए की नगद सहायता राशि अमरकंटक भेजी गई, ताकि वहां के पीड़ित जैन बंधुओं को राहत मिल सके और वे जल्द ही अपनी जिंदगी की सामान्य स्थिति में लौट सकें। यह कदम समाज में एकता और मानवता की मिसाल पेश करता है, और यह भी दर्शाता है कि धार्मिक समुदाय अपने दुखों और परेशानियों में भी एक-दूसरे की मदद करने में हमेशा तत्पर रहता है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर का आयोजन

## प्रत्येक 25 हितग्राहियों पर 1 रजिस्ट्रेशन अधिकारी की होगी व्यवस्था, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में छूटे हुए नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 3 और 4 जनवरी 2025 को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार कर ली गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचना चाहिए और कोई भी इससे वंचित न रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग), मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), सीडीपीओ, बीएमओ, सीएमओ (नगर पंचायत), बीपीएम, पीआरपी (एनआरएलएम), और खंड स्तरीय चिकित्सा विभाग के योजना प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजना के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और सभी पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।



निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 से 30 दिसंबर 2024 तक 1 लाख 61 हजार 587 छूटे हुए हितग्राहियों की ग्रामवार पीडीएफ सूची डाउनलोड कर ग्रामवार वितरण किया जाएगा। सभी खंड चिकित्सा, बीपीएम अधिकारी 29 दिसंबर तक ग्रामवार सूची को प्रिंट कराएंगे और जिला, विकासखंड मितानिन समन्वयक के माध्यम से 30 दिसंबर तक वितरण करेंगे। डीपीसी द्वारा ग्रामवार विकासखंडवार खंडचिकित्सा अधिकारी को पीडीएफ कॉपी 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी। 30 दिसंबर 2024 को सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ के द्वारा रोजगार सहायक और सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के लिए सीईओ जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के लिए सीएमओ विहित प्राधिकारी होंगे। ग्राम रोजगार सहायक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण जनपद पंचायतवार नामांकित कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विकासखंड महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मितानिन समन्वयक के समन्वय से दक्ष सदस्यों का चिन्हांकन किया जाएगा। 01 जनवरी से 02 जनवरी तक ग्रामवार प्राप्त सूची का वाचन एवं वार्डवार हितग्राही स्लिप तैयार कर हितग्राही को वितरण किया जाएगा। 03 और 04 जनवरी 2024 को आयोजित शिविर की सूचना हेतु मुनादी कराई जाएगी। ग्राम में निवासरत मितानिन, बिहान योजना के सक्रिय महिला सदस्य, कृषि सखी, पशु सखी एवं अन्य सक्रिय सदस्य आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक को इसके लिए दायित्व दिया गया है। प्रत्येक 25 सदस्य पर 01 रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं टेबल की व्यवस्था की जाएगी। 3 जनवरी और 4 जनवरी को समस्त छूटे हुए सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक 25 सदस्य पर नियुक्त 01 सहायक नोडल अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ एवं सीएमओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आरएचओ, सीएचओ, तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत, पीआरपी पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास को पंचायत का क्लस्टर तैयार करके नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। शहरी क्षेत्र के लिए नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

# घर-घर जा कर टीबी, कुष्ठ खोज व वयोवृद्ध देख भाल अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में चलाये जा रहे 100 दिवसीय टीबी, कुष्ठ खोज व वयोवृद्ध देखभाल अभियान के अंतर्गत कलेक्टर रणवीर शर्मा के निर्देश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में साजा ब्लॉक में सर्वे कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा हैं, 7 दिसम्बर से 24 मार्च तक जिले के प्रत्येक घर में जा कर सर्वे दल द्वारा घर घर जा कर लक्षण को पूछा जा रहा हैं साथ ही हॉस्टल वृद्ध आश्रम मलिन बाहर से आये हुए झोपड़पट्टी बस्तियों में संभावित मरीजों का लाइन लिस्ट तैयार कर आवश्यकता अनुसार बलगम (खखार) व छाती का चेस्ट एक्सरे किया जाना है, साथ ही 60 वर्षो से अधिक आयुवर्ग वृद्ध जनों का पूछताछ कर उनका बीपी शुगर और अन्य जांच किया जाएगा साथ ही उनके देखभाल कर पोषण आहार खाने इत्यादि



सलाह दिया जा रहा हैं। सर्वे के दौरान टीबी के पुराने मरीजों व वर्तमान में दवाई खा रहे मरीजों का काउंसलिंग कर उनके आसपास एवं परिवार के सदस्यों का भी स्कैनिंग किया जाना है। विकासखंड साजा ब्लॉक में यह अभियान प्रत्येक गांव में लगातार चल रहा है जिसमें मितानिनो एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता का सर्वे टीम बनाया गया है, 14 सर्वे दल में एक सुपरवाइजर का गठन किया गया है, साथी ही विकासखंड साजा में 5 स्थानों में जांच हेतु डीएमसी लैब बनाया गया हैं। जिसमें संभावित व्यक्तियों का आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वे में प्राप्त संभावित मरीजों का जांच किया जा सके। अभी तक साजा ब्लॉक में सर्वे के दौरान खोज कर 17 नये मरीजों का पहचान किया जा चुका हैं, और सभी मरीजों का आवश्यक जांच उपरांत दवाई चालू कर दिया गया है, साथ में उनके आसपास के सदस्यों को आइसोनियाजाइड (कीमोप्रोप्लाक्सी) बचाव हेतु दवाई दिया जा रहा है। सर्व दल द्वारा समय पर मरीजों के परिवार के सदस्यों को समझाइस भी दिया जा रहा हैं की समय-समय पर मरीजों का फॉलोअप करना बहुत आवश्यक है इससे समय पर बीमारी ठीक होने की पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर लोकेश कुमार साहू, ब्लॉक डेटा मैनेजर तेज साहू, उपचार पर्यवेक्षक साजा पुरन दास, सेक्टर पर्यवेक्षक साजा खिलानद साहू, विनोद जैन, पीएल नेगी, भरत साहू, केदार निर्मल, देवकी सिंह सहित राजेश जायसवाल, सूरज साहू सहित 14 सर्वेदल में एक सुपरवाइजर बनाया गया हैं।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का नि :शुल्क उपचार

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई है। इसके तहत जिले में सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कार्य समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त च्वॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को 05 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, ई-केवायसी करवाने की आवश्यकता है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन, ई-केवायसी का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एम.सी.एच. पखांजूर, एम.सी.एच. अलबेलापारा कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर आवश्यक है। राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ से कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल 29 हजार 623 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक कुल 1074 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। विकासखण्ड चारामा में 5178 में से 203 कार्ड, नरहरपुर में 5521 में से 219 कार्ड, कांकेर में 5972 में से 293, कोयलीबेड़ा में 5718 में से 184, भानुप्रतापपुर में 3363 में से 120 कार्ड, दुर्गूकोंदल में 1926 में से 30 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 1702 में से 25 कार्ड का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिको से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या च्वॉइस सेंटर में अतिशीघ्र आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# संयुक्त कलेक्टर ने दिए बच्चों को सफलता के टिप्स, बताए मेडिटेशन के फायदे



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवाल के चौथे दिन बच्चों ने गोविंद बोलो हरे गोपाल बोलो जैसे गीत के साथ एक्सरसाइज करते हुए सेशन की शुरुआत की। संयुक्त कलेक्टर भार्गव बच्चों के बीच उपस्थित होकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर बच्चों के प्रश्नों के उत्तर दिए। भार्गव जी ने कहा कि कंपीटिशन बहुत ज्यादा है,आपको घबराना नहीं है। इसके लिए जीवन में बहुत सारे वैल्यूज, आंतरिक शांति आवश्यक है। मेडिटेशन से हमारा दृष्टिकोण क्लियर होता है। खुद के साथ ऑनेस्ट रहे। पढ़ाई करते हुए आप बोर होते है इसलिए स्पोर्ट्स मेडिटेशन अन्य सकारात्मक एक्टिविटी आवश्यक है। आपने बताया कि जीवन में फेल होना भी आवश्यक है।मुझे अच्छी पढ़ाई का अभिमान था। 10 रैंक आने पर मेरा घमंड टूटा। गलती से सीखकर जीवन में नम्रता के गुण को धारण किया। एग्जाम कितना भी मुश्किल आए मैं शांत रहूंगा और चौथी बार में आई ए एस में सलेक्ट हुआ। फेल हो गया सोचना बंद कर आगे की तैयारी शुरू की। एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए आपने बताया कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है, आप अपने माता पिता के साथ अपनी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर सकते है चाहे वो टीचर हो या प्रिंसिपल चाहे कोई भी हो। संयुक्त कलेक्टर ने इतनी संख्या में बच्चों को शांत और एकाग्रता से बातों को सुनने को देखकर संस्था के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में परमात्मा को अपना सच्चा मित्र बना कर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया गया। संध्या 7 बजे से पीस ऑडिटोरियम में इस विंटर कार्निवाल का रंगारंग सांस्कृतिक के साथ समापन होगा।

# अवनेंद्र साहू ने रक्तदान कर मनाया अपना जन्मदिन

## साहू समाज जिला अध्यक्ष ने अपने जन्म दिवस पर किया प्रेरणाप्रद कार्य



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

मानव जीवन में अपने जन्मदिन का बड़ा ही महत्व है ।जिसमें व्यक्ति इस धरती पर मानव के रूप में जन्म लेता है तथा शैक्षणिक, पारिवारिक, सामाजिक दायित्व को पूरा करता है ।हर मनुष्य के जीवन का यह पल यादगार रहता है। धमतरी जिला साहू समाज के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए मानस सेवा ब्लड संस्थान में रक्तदान किया। अभी तक अवनेंद्र साहू ने 41 बार रक्तदान कर लोगों की सेवा कर मानवता का परिचय दिए हैं तथा समाज के माध्यम से सदैव लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करते रहे हैं। उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम, कैरियर गाइडेंस, रक्तदान, कार्यशाला, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, निशुल्क आदर्श विवाह आदि कार्यक्रम धमतरी जिले में संचालित किया गया है। अवनेंद्र साहू व्यवहार कुशल मिलनसार व बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। जो प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख व धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हैं। धमतरी जिला साहू समाज के पदाधिकारी ने जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं। इस अवसर पर डॉ. गणेश प्रसाद साहू उपाध्यक्ष, गजानंद साहू प्रदेश न्याय प्रकोष्ठ, भागवताचार्य भूमिका साहू ,परीक्षेत्रीय अध्यक्ष ललित चौधरी, मीतेश साहू, केकती साहू, डॉ.मंजूषा साहू, चंद्रकला साहू, विजय लक्ष्मी गंजीर, चंद्रभागा साहू, यशवंत साहू, लीलाराम साहू, रामकुमार साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, गोपाल साहू, राजेंद्र साहू, कृष्णा राम साहू, नंदकिशोर साहू, वीरेंद्र साहू, गोपेश साहू आदि ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# जिले में अब तक 5418 वयं वंदना कार्ड बनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। जिला जशपुर में 26.11.2024 से बुजुर्गो को इस योजना के तहत् लाभन्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर एवं स्वास्थ्य सेटर में बनाया जा रहा है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे। चूंकि पहले बुजुर्गो का कार्ड भी राशन कार्ड के हिसाब से बनता था इसलिए



किसी का 50 हजार तो किसी का 5 लाख का कार्ड बना हुआ है। अब जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों 70 वर्ष से अधिक से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बनवा लेवें। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने का अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तक है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा में वय वंदना कार्ड बना लेवे। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आयें। जिले में अब तक 5418 वयं वंदना कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 44 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें जिला चिकित्सालय जशपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैकु, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्तुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलेसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरापाठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनक्यारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरायणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटाईकेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरसई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुड़ेग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किलकिला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरोंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झिक्की, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलिया शामिल हैं।

# आयुष्मान कार्ड एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 05 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों का बी.पी., शुगर स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिनस की दवाईयाँ निःशुल्क वितरित की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चन्द्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा, राधा तिवारी, सुनयना शुक्ला, पं. प्रशांत तिवारी, पं. राजेश त्रिवेदी, पं. शशिकांत मिश्र, पं. जे.पी. मिश्र, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें।



कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई हैं कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई हैं कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। क्या तुम्हें पता है कि समोसे जैसी फेमस चीज जो तुम अक्सर खाया करते हो उसका ऑरिजिन भारत नहीं है। ऐसी ही कुछ और चीजें जो देश में कहीं और से आई लेकिन इस देश का हिस्सा बन गईं।

# भारत ऑरिजिन की नहीं है, देश का हिस्सा बनी ये चीजें

## समोसा

यह ट्रायंगल तो सारे बच्चों का प्यारा है या यूं कहें कि बड़ों के मुंह में भी इसको देखकर पानी आ जाता है। क्या तुम्हें पता है कि समोसा भारत की उपज नहीं है। प्राचीन काल में सेंट्रल एशिया के जिन रास्तों से व्यापार हुआ करता था वहां से होता हुआ यह भारत पहुंचा। दरअसल इस ट्रायंगल स्नैक्स को बनाना सबसे आसान होता है और रात को मुसाफिर जब रास्तों में हॉल्ट करते हुए आते थे तो समोसों को कैंपफायर के आस-पास भी तैयार कर लिया करते थे।

## आलू



सब्जियों का राजा माना जाने वाला आलू सब्जियों में बच्चों की पहली पसंद है। इसके बिना तो सब्जी या किसी स्नैक की कल्पना करना ही थोड़ा मुश्किल लगता है! लेकिन क्या तुम्हें पता है कि आलू मात्र चार सौ साल पहले ही हमारे देश में आया और यहां तक कि टमाटर का इस्तेमाल भी देश में पहली बार 19वीं शताब्दी में किया गया था।

## क्रिकेट

इंग्लैंड में जन्मा यह खेल आज भारत में गली-गली का खेला जाता है। यहां तक



कि आईसीसी की इनकम में भारत की कमाई की भागीदारी 70 से 80 प्रतिशत तक है। देश में क्रिकेट सबसे पॉपुलर खेलों में से एक है।

## राजमा



पंजाबी डिशेज की लिस्ट राजमा के बिना अधूरी मानी जाती है। बड़े चाव से राजमा, चावल खाने वालों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपने देश में नहीं बल्कि कोलोनियल अमेरिका में पैदा हुआ है। किडनी बीन्स यानी राजमा को 8000 साल पहले एकेडियन किसानों ने लुसियाना में उपजाया था।

## हैंड नीटिंग

सर्दियों के मौसम में अपने घरों में भी तुमने मम्मी या दादी, नानी को हाथों से बुनाई करते हुए देखा होगा। जो कई तरह के स्वेटर तुम्हारे लिए तैयार करती होंगी।



तुम्हें लगता होगा कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी देश में आगे बढ़ी होगी लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि हाथों से बुनाई का काम अपने देश की कला नहीं बल्कि इजिप्ट से यहां आया था।

## सिल्क



तुम्हारी मम्मी के पास भी सिल्क की साड़ियां जरूर होंगी? क्या तुम्हें पता है कि यह सिल्क हमारे देश की नहीं है, बल्कि कई सदियों पहले चीन के व्यापारी इसे यहां लाए थे। हमारे यहां मिलने वाले सिल्क वॉर्म वही पहले चाइनीज पेयर थे जिनसे सिल्कवॉर्म की संख्या बढ़ाई गई।

## पतंग



दो हजार साल पहले पतंगों को चीन में तैयार किया गया था। अब तो भारत में गांव के बच्चों के खेल का यह हिस्सा बन गया है तो शहरों में व्रत-त्योहार के मौके पर लोग रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं।

## चाय



सुबह की शुरुआत तुम्हारे घर में भी चाय की चुस्कियों के साथ होती होगी। लेकिन देश का मुख्य पेय चाय भी चीन से यहां पहुंचा है।



# कागज पर उतारो पत्तियां

आजकल वॉटर कलर डेकोरेशन और डिजाइन में इस्तेमाल हो रहा है लेकिन हम इस वॉटरकलर को पत्तियां बनाने के लिए प्रयोग करेंगे। इससे तैयार पत्तियां एक बेहतरीन आर्ट वर्क की तरह नजर आती हैं।

## किन चीजों की होगी जरूरत

- वॉटरकलर सेट
- विभिन्न प्रकार के वॉटर कलर ब्रशेस
- गार्डन से तोड़ी हुई अलग-अलग प्रकार की पत्तियां

## बनाओ कलर पैलेट

सबसे पहले तो अपना एक कलर पैलेट तैयार करो और उसकी टेस्टिंग पेपर के अलग-अलग टुकड़ों पर करो। जब तक तुमको अपना पसंदीदा शेड ना मिल जाए तब तक पैलेट तैयार करते रहो ताकि जब तुम पत्तियों को उससे ड्रॉ करो तो वो बिल्कुल असली नजर आएं।

## कौन-कौन से कलर

परमानेंट सैप ग्रीन, ग्रीन ब्लू शेड, रॉ एंबर, ब्लू ग्रीन, बर्न्ट सिएना। बाकी शेड अन्य कलर्स के मिक्सचर से तैयार किए जा सकते हैं।

डूडलिंग करना तो हर किसी को भाता है लेकिन क्या कभी सीरियस पेंटिंग के बारे सोचा है। अरे तुम्हें पेंटर बनाने की बात नहीं कर रहे, यदि तुम्हें भी रंगों से प्यार है और कुछ न कुछ बनाते रहना तुम्हारी हॉबी है तो क्यों ना कुछ क्रिएटिव किया जाए। आओ मिलकर वॉटर कलर के जरिए लीविंग लीव्स को कागज पर उतारें, सोच में पड़ गए! चलो इसे करके देखते हैं।

## इस तरह दो अपनी पत्तियों को आकार

- सबसे पहले लाइट स्केच तैयार करो और फिर इसे भीगे ब्रश से अंदर की ओर भरो। इससे तुम्हें कलर के फर्स्ट लेयर को फैलाने में मदद मिलेगी।
- तुमने ग्रीन का जो शेड तैयार किया है उसका सबसे हल्का शेड प्रयोग करो।
- पहली लेयर के सूख जाने के बाद दूसरी लेयर बनाओ जो सबसे हल्के शेड की हो। अब डार्क शेड की दूसरी लेयर लगाओ और उसे फिर सूखने दो।
- पेपर को थोड़ा तिरछा कर दो और पेंट को पेंट की हुई पत्ती के टिप तक पहुंचने दो। इसके सूख जाने के बाद ग्रीन की एक और लेयर इस पर लगाओ।
- वॉटर कलर में यह चीज स्पष्ट नजर आती है इसमें जितने लेयर्स में कलर लगाए जाते हैं इमेज उतनी ही क्लियर नजर आने लगती है।
- अपने ब्रश को पानी में डुबाकर उसे पत्ती के ऊपर फिराओ। जब यह हल्का गीला रहे तो उसके ऊपर रॉ एंबर कलर का हल्का शेड पत्ती के लाइट साइड पर लगाओ।
- कलर जब हल्के गीले हों तो अपने ब्रश पर बर्न्ट सिएना कलर को पत्ती के ऊपर टपकाओ। तुम देखोगे कि कलर्स एक-दूसरे पर चढ़े हुए नजर आएंगे।
- अब पत्ती के अलग-अलग हिस्से पर कलर टपकाओ।
- भीगे हुए पतले ब्रश से पत्ती पर वेन्स बनाओ और साथ ही पत्तियों की डिटेल उस पर ड्रॉ करो।
- ऐसा तुम कई पत्तियों के साथ कर सकते हो।



# कैसे बनते हैं स्नोफ्लैक्स?

**उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता हो..सफेद। इन्हें कहते हैं स्नोफ्लेक्स।**

उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता होसफेद। इस बीच कहीं-कहीं कुदरत की ऐसी कलाकारी नजर आती है कि उसे कैमरे में कैद किए बिना नहीं रहा जा सकता। ये हैं स्नोफ्लेक्स या बर्फ की पपड़ी। स्नोफ्लैक्स की सबसे अनोखी बात ये है कि इनमें से किसी का भी आकार एक-दूसरे से मेल नहीं खाता है। हरेक आकृति यूनिक होती है। इनको देखकर ऐसा जान पड़ता है कि किसी ने क्रिस्टल के जरिए सुंदर आकृति तैयार की है लेकिन ये तो प्रकृति की कारीगरी है। इनके यूनीक शेप के कारण ही दुनियाभर के फोटोग्राफर्स बेस्ट स्नोफ्लैक्स की तस्वीरें लेने की तैयारी में रहते हैं।

## कुदरत की कारीगरी

स्नोफ्लैक्स बनने की शुरुआत छोटे-छोटे डस्ट पार्टिकल्स या पॉलेन पार्टिकल्स के वॉटर वेपर के संपर्क में आने से होती है। ये वॉटर वेपर इन पार्टिकल्स के ऊपर इकठ्ठी हो जाती हैं और जब ठंडे वातावरण में ये जमती हैं तो छोटे-छोटे आइस क्रिस्टल जैसे नजर आने लगते हैं। ये छोटे-छोटे क्रिस्टल सीड्स की तरह होते हैं जिनसे स्नोफ्लैक्स का जन्म होता है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये छोटे आइस क्रिस्टल नेचुरली अरेंज होकर हेक्सागोनल यानी सिक्स साइडेड स्ट्रक्चर बना लेते हैं। इस तरह के सिक्स साइडेड आइस क्रिस्टल ही 'स्नोफ्लैक्स'' कहलाते हैं। चूंकि स्नोफ्लैक्स के आस-पास की हवा से ये अधिक वजनदार होते हैं इसलिए कुछ समय में अपने-आप गिरना भी शुरू हो जाते हैं।

## हर स्नोफ्लै है डिफरेंट

यूं सारे स्नोफ्लैक्स हेक्सागॉनल होते हैं लेकिन इनकी जियोमैट्री अलग-अलग होती है। डिफरेंट टेम्परेचर और ह्यूमिड कंडीशन से होकर जब स्नोफ्लैक्स नीचे गिरते हैं तो उनके शेप भी डिफरेंट हो जाते हैं। किसी में नुकीले आर्म्स निकले रहते हैं तो किसी में बहुत ही चौड़े। स्नोफ्लैक्स का निर्माण पृथ्वी पर काफी ऊंचाई पर होता है इसलिए जमीन पर इसका स्नो के रूप में नीचे गिरना हर बार हो ऐसा नहीं है। यह तभी हो सकता है जब हवा का टेम्परेचर फ्रीजिंग से कम हो।

## केक की टॉपिंग पर स्नोफ्लैक्स

स्नोफ्लैक्स के अलग-अलग मजेदार शेप्स के कारण कई पार्टीज का इसे हिस्सा बनाया जा रहा है, वो भी केक को सजाने के लिए। अब तो स्नोफ्लैक्स के शेप को आर्टिफिशियल रूप से तैयार किया जाने लगा है। लोग अपनी पसंद के अनुसार डिफरेंट शेप वाले स्नोफ्लैक्स से भरी बोटल खरीदते हैं और केक को और भी मजेदार ढंग से प्रेजेंट करते हैं।

# तीन सेर चावल

पुराने जमाने की बात है। किसी गांव में मोहन नाम का एक लड़का रहता था। वह बहुत शैतान था। हर दिन उसकी शिकायतें उसके माता-पिता को सुनने को मिलतीं।

पिता ने मोहन को विद्यालय भेज दिया, लेकिन उसकी शरारतों से शिक्षक भी बहुत दुखी हो गए। उस पर अपने शिक्षक की बातों का भी कोई असर नहीं होता था।

मोहन कई बार बच्चों की सीट के नीचे चींटियां छोड़ देता, जिससे वे ठीक से पढ़ न पाते। बच्चे उसके डर से उसकी शरारतों के बारे में अपने शिक्षकों से भी शिकायत न करते। एक दिन तंग आकर मास्टरजी ने उसे विद्यालय से निकाल दिया।

उस जमाने में जंगल अधिक थे। चारों ओर पेड़-पौधों की भरमार थी। अब मोहन जंगल में जाकर पेड़-पौधों का ध्यान करता, पानी देकर सींचता। घर में उसका मन नहीं लगता था। उसकी चिंता में मां परेशान रहतीं।

मोहन के गांव में एक बूढ़ा आदमी भीख मांगने आता था। वह उसे भी बहुत तंग करता। कभी उसका थैला छीनकर उसमें रखी रोटी निकालकर जानवरों को खिला देता, तो कभी बूढ़े पर पानी डाल देता। लेकिन बूढ़ा उसके गांव में जरूर आता। लोग उससे पूछते कि इतना तंग होने के बाद भी वह इस गांव में भीख मांगने क्यों आता है? वह सबको एक ही उत्तर देता, मोहन बच्चा है। बच्चे शरारत नहीं करेंगे, तो क्या हम बड़े लोग करेंगे? उसकी बात सुनकर लोग चुप हो जाते।

इस प्रकार कई महीने बीत गए। एक दिन मोहन किसी गांव से आ रहा था। उसे घर पहुंचने की जल्दी थी। किसी किसान ने अपनी फसल की रक्षा के लिए नागफनी की बाड़ लगा रखी थी। रास्ते में नागफनी के कांटे गिरे हुए थे। उसकी नजर उन कांटों पर पड़ी। उसने सोचा कि वह एक-दो नागफनियों को लेकर रास्ते पर डाल दे, तो बड़ा मजा आएगा। उसने दो नागफनियों को उठा लिया और उन्हें घास के नीचे छिपा दिया। फिर घर चला आया।

दो-तीन दिन बीत गए। आज वह स्वयं उसी रास्ते से जा रहा था। उसी रास्ते से बूढ़ा भिखारी भी आ रहा था। मोहन को शरारत सूझी। उसने कहा, जरा थैला दिखाना। भिखारी ने उसे थैला दे दिया। उसमें एक फटी धोती थी। दो रोटियां भी थीं। वह थैले को लेकर उछालने लगा कि अब वह थैला नहीं देगा।

भिखारी उसके करीब आता, तो वह दौड़कर थोड़ी दूर भाग जाता।

इसी भाग-दौड़ में अचानक सूखी नागफनी पर मोहन का पांव पड़ गया। उसके पूरे तलवे में कांटे चुभ गए। वह अचानक एक ओर लुढ़क गया। थैला उसके हाथ से छूट गया। भिखारी मोहन के पास आया। वहां उसने अपनी लाठी से घास हटाई, तो उसे एक और नागफनी नजर आई। उसने उसे भी डंडे से दूर हटा दिया और मोहन के पास बैठकर पांव से कांटे निकालने लगा।

भिखारी ने मोहन के पांव से काफी कांटे निकाल दिए। फिर भी कुछ कांटे उसके पांव में चुभे ही रह गए। भिखारी ने उसे सहारा देकर खड़ा किया। मोहन ने कहा, मैं घर नहीं जाऊंगा। छाया में बैठकर तलवे के सारे कांटे निकालूंगा, तब घर लौटूंगा।

भिखारी ने कहा, यदि तुम मेरी झोंपड़ी तक चलो, तो मैं तलवे के सारे कांटे निकाल दूंगा। ऐसा लेप लगा दूंगा कि तुम्हारा पांव जल्दी ठीक हो जाएगा। मोहन तैयार हो गया।

भिखारी उसे अपने कंधे का सहारा देकर, झोंपड़ी तक ले आया। फर्श पर एक फटी-पुरानी दरी और कंबल का टुकड़ा बिछा हुआ था। उसी पर उसने मोहन को लिटाया। पानी गरम कर उसका पांव धोया। फिर कांटे निकालकर पैर पर जड़ी-बूटी का लेप कर दिया। मोहन को लेप से बहुत राहत मिली और वह सो गया।

भिखारी ने अपने थैले से भीख में मिले चावल निकाले और खिचड़ी बनाई। फिर गांव जाकर दूध ले आया। उसने मोहन को खिचड़ी खिलाकर पीने के लिए दूध गरम करके दिया। मोहन को अब उस भिखारी को बुड्ढा कहने में शर्म आई। उसने भिखारी को 'दादा' कहकर पुकारा। दादा शब्द सुनकर भिखारी की आंखों से आंसू झरने लगे। मोहन ने चकित होकर पूछा, तुम रो क्यों रहे हो?

नहीं बेटा, कोई बात नहीं है। मैं तीस वर्षों से यहां अकेला पड़ा हूं। तुमने मुझे दादा कहा, तो मेरा दिल भर आया। भिखारी बोला।

नहीं दादा, अब तुम्हें भीख मांगने की जरूरत नहीं होगी। मैं तुम्हें खिलाऊंगा। मोहन बोला।

भिखारी हंसकर चुप हो गया। शाम होने जा रही थी। भिखारी ने उसके पांव का लेप गरम पानी से धो दिया। अब उसके पांव में एक भी कांटा नहीं था। इसके बाद भिखारी उसे गांव तक छोड़ने आया। मोहन दौड़कर घर गया और रोटी तथा सब्जी लेकर आया। कहा, दादा, इसे रात में खाना। मैं कल सुबह आऊंगा।

भिखारी घर लौट आया। वह सोच रहा था कि मोहन कितना अच्छा लड़का है।

मोहन दूसरे दिन उठा और एक किसान से बोला, यदि आपको मजदूर की जरूरत हो, तो मैं काम करने के लिए तैयार हूं। किसान को एक मजदूर की जरूरत तो थी, मगर वह मोहन को एक शरारती बच्चे के रूप में जानता था। वह मोहन से बोला, तुम्हें शरारत से फुरसत मिलेगी, तभी तो काम करोगे।

मुझसे आज काम लेकर देखो चाचा, तब पता चलेगा।

ठीक है, चलो काम करो। किसान बोला।

मोहन ने दिन भर मेहनत से काम किया। बदले हुए मोहन को देखकर किसान बहुत चकित था। उसने मोहन को तीन सेर चावल मजदूरी में दिए।

मोहन चावल लेकर भिखारी की झोंपड़ी में जा पहुंचा। भिखारी खाना बनाने की तैयारी कर रहा था। उसने जब चावल देखे, तो बोला, मोहन बेटा! ये ले जाकर अपनी मां को दो। मेरा गुजारा तो भगवान चला ही रहा है।

नहीं दादा! ये चावल तुम रखो। ये मैंने दिन भर मजदूरी करके कमाए हैं। तुम नहीं रखोगे, तो मैं कल से मजदूरी नहीं करूंगा और शरारतें करने लगूंगा।

उस दिन से मोहन बहुत बदल गया। अब वह हर एक की मदद करने की कोशिश करता। गांव के सब लोग उसकी खूब तारीफ करते।



# आवास निर्माण में देरी, सभी जनपद सीईओ और बी सी को नोटिस जारी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ⟨ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ करते हुए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें, ताकि वे समय पर अपने आवास का निर्माण कर सकें। सभी आवासों का निरीक्षण मैदानी कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से करते हुए हितग्राहियों का मार्गदर्शन किया जाए, जिससे वे अपने आवास का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कर सकें। उक्त निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा बैठक में दिए गए। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों को प्राप्त हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 13,865 आवास एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों में से अब तक 2,394 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी करने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इन सभी आवासों के हितग्राहियों से तत्काल संपर्क कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश विकासखंड समन्वयकों को दिए गए। सभी तकनीकी सहायकों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए योजनांतर्गत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, निर्माण की प्रगति के आधार पर नियमानुसार किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-18 के 24 हितग्राहियों की द्वितीय किश्त, 2024-25 के 5,576 हितग्राहियों की द्वितीय किश्त, तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के 1,485 हितग्राहियों की तृतीय किश्त की राशि निर्माण कार्य के अनुसार जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा योजनांतर्गत स्वीकृति हेतु शेष 2,753 आवासों की स्वीकृति कराकर राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं प्रगतिरत आवासों के मस्टर रोल जारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान शेष अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने में धीमी गति तथा 6,255 हितग्राहियों के एफ्टीओ समय पर जारी न होने पर सीईओ, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विकासखंड समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, लंबित एफ्टीओ को चार दिवस के भीतर जारी करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, सीईओ जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), कार्यक्रम अधिकारी (महात्मा गांधी मनरेगा योजना), विकासखंड समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी (महात्मा गांधी नरेगा), स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास समन्वयक, सहायक अभियंता सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरएसएस के पास गुरू, ग्रंथ और गोविंद का बल नहीं है: पुरी शंकराचार्य

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com




ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज ने बीते श्री सुदर्शन संस्थानम् शंकराचार्य आश्रम रावाभांठा रायपुर आयोजित प्रेस कार्फ्रेंस में पत्रकारों से चर्चा की। मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर शंकराचार्यजी ने तंज कसते हुये कहा कि स्वयं सेवक बनते-बनते सर्व संचालक बन जाते हैं। इन्हें बारह महीने बोलना है, इसलिये कुछ भी बोल देते हैं। बाद में लज्जित होते हैं और कह देते हैं कि हमारे बयानों की आलोचना करने का सबको अधिकार है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत में हिन्दू का चिन्ह ना ढूंढ़ें, ये आलोचना के नहीं बल्कि दया के पात्र हैं। बताते चलें हाल ही में मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर बयान देते हुये कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग ढूंढने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इतिहास को सही संदर्भ में समझना चाहिये और वर्तमान में शांति और सद्भाव बनाये रखना चाहिये। आरएसएस प्रमुख ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब देश में संभल, मथुरा, अजमेर और काशी समेत कई जगहों पर मस्जिदों के प्राचीन समय में मंदिर होने का दावा किया जा रहा है और उनके इन्हीं बयानों को लेकर अब शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने तंज कसा है। पुरी शंकराचार्यजी ने यह भी कहा यह संघ की लाचारी है कि उनके पास गुरु, गोविंद और ग्रंथ का बल नहीं है। आरएसएस अगर एक भी ग्रंथ अपना लेता तो उसे ग्रंथ बल मिल जाता, इसके बिना उसका स्थान बहुत छोटा है। नकली शंकराचार्य के बारे में पुरी शंकराचार्यजी ने कहा कि देश मे नकली राष्ट्रपति, नकली प्रधानमंत्री नही बन सकते तो फिर एक आतंकवादी को नकली शंकराचार्य बनाकर क्यों महिमा मण्डित किया जा रहा है। यह शासकों द्वारा मान्य शंकराचार्यों की अवहेलना है। क्योंकि मान्य शंकराचार्य शास्त्र सम्मत और सबके लिये हितप्रद बातें बताते हैं, जिनसे राजनीतिज्ञों के लिये हितकर नही होता और इसीलिये उनके अनुसार चलने वाले नकली शंकराचार्यों को प्रश्रय देते हैं। पुरी शंकराचार्यजी ने आगे कहा कि सबके पूर्वज वैदिक आर्य हिन्दू सनातनी हैं और जब तक हिन्दू सुरक्षित है, तब तक अन्य सारी कौम भी सुरक्षित है। अगर हिन्दू नहीं रहेंगे तो इन्हें भी मार काट कर भगा दिया जायेगा। शंकराचार्यजी ने स्पष्ट शब्दों यह भी कहा कि जब तक हिन्दू सिर्फ पेट और परिवार तक सीमित रहेगा तो उनकी दुर्दशा होती रहेगी।

# एसईसीएल कर्मचारियों को आयकर रिटर्न भरने किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ⟨ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा-पश्चिम में एसईसीएल कर्मचारियों को उनके आयकर रिटर्न (आईटीआर) को सही ढंग से दाखिल करने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में आयकर विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कर्मचारियों को सलाह दी गई कि वे ऐसे धोखेबाज एजेंटों का शिकार बनने से बचें जो भारी कमीशन के बदले आयकर रिफं ड का वादा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर के प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस. हेडेओ ने की। अतिरिक्त आयुक्त रितुपर्ण नामदेव, सी.आर. रेड्डी, संयुक्त आयकर आयुक्त बिलासपुर और आयकर विभाग के अन्य अधिकारी ने आयकर विभाग की तरफ से इस कार्यक्रम में भाग लिया। एसईसीएल की तरफ से एस.के. मोहंती, महाप्रबंधक (गेवरा क्षेत्र), सी.डी.एन. सिंह महाप्रबंधक (वित्त), विभिन्न क्षेत्रों के डीडीओ, अधिकारी, कर्मचारी और यूनियन प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# जंगल में मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

**कोरबा।** बालकों थाना क्षेत्र नावाडीह के जंगल में एक महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव की पहचान निर्मला (35) वर्ष के रूप में हुई है।मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह दोन्द्रो का है जहां, पुलिस को शनिवार की शाम एक महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने की सूचना मिली, मौके पर बालको थाना स्टॉफ तत्काल रवाना हुआ। जहां उन्होंने पाया कि झाडियों के मध्य एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई थी, बालको पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है, बहर हाल मौत के असल कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# गृहमंत्री विजय शर्मा के स्वीकृति एवं कसडोल विधायक संदीप साहू का सार्थक पहल

## मातागढ़ तुरतुरिया को मिला पुलिस चौकी का दर्जा, लोगों को मिलेगा सुरक्षा

पायनियर संवाददाता ⟨ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा एवं बलौदाबाजार जिला का धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध तुरतुरिया भगवान राम के वन गमन काल की स्थिति की प्रामाणिकता को दर्शाता है। यहां भगवान राम के सुपुत्र लव एवं कुश की जन्मस्थली के लिए भी विश्व प्रसिद्ध स्थल है।आपको बताते चले कि यहां मातागढ़ पहाड़ी पर विराजित माँ काली का दिव्य दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ हर समय उमड़ती है। छत्तीसगढ़ की पयर्टन स्थलों मेंतुरतुरिया का नाम भी अंकित है।यंहा बारह महीने पयर्टकों का आना जाना लगा रहता है। जिसके चलते भीड़ भाड़ बड़ी संख्या में दिखाई देता है। जहां सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन, वन विभाग सहित प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है।इसके अलावा लोगों को बड़ी लम्बी दूरी तय कर कानूनी सुरक्षा एवं फरियाद के लिए वनांचल तुरतुरिया क्षेत्र के लोगों कई किलोमीटर की दूरी तय कर बया पुलिस चौकी आना पड़ता था जिससे अब लोगों को बया पुलिस चौकी न जाकर तुरतुरिया पुलिस चौकी जाने में सुविधा होगी क्योंकि कसडोल विधानसभा के लाडले विधायक संदीप साहू के सार्थक मांग एवं छत्तीसगढ़ के जनहितैषी उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के स्वीकृति से कसडोल विकास खण्ड अन्तर्गत आने वाले धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल तुरतुरिया को पुलिस चौकी का दर्जा प्राप्त हुआ है।जिससे लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं विधायक संदीप साहू के प्रति धन्यवाद आभार जताया है।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कायक्रम जारी

पायनियर संवाददाता ⟨ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की सभी नगर पालिका के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरूवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्र करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।

# शहर की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु ई रिक्शा चालको की मीटिंग ली गई

पायनियर संवाददाता ⟨ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुरक्षित बनाने के दिये गये निर्देश के परिपालन में कल 28.12.2024 को यातायात जोन दुर्ग में ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के मार्ग दर्शन में सतानंद विघ्यराज उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के द्वारा ई रिक्शा चालको की मीटिंग ली गई जिसमें ई रिक्शा चालको को समझाईस दी गई की शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाये रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप लोगो का ही होता है किसी अन्य जिले से कोई व्यक्ति बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन पहुंचता है तो वह सर्वप्रथम उसे अपने गर्तव्य स्थान पर जाने के लिए आप लोग का ही सहयोग लेना होता है। यदि आप लोग उन लोगो से मधुर व्यवहार एवं निर्धारित शुल्क वसूल करते हो और अपने वाहन को क्रमबद्ध निर्धारित पार्किंग/स्थान पर खडा करते हो जिससे उस व्यक्ति के मन में जिले के प्रति एक अच्छी छवि बनती है। मीटिंग के दौरान उप पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा मीटिंग में उपस्थित 250 ई रिक्शा चालको को व्यक्तिगत छवि के साथ साथ यातायात नियमों जैसे बिना वर्दी वाहन न चलाना, शराब एवं किसी भी नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाना, नाबालिक को वाहन चलाने न देना, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, वाहनो को दस्तावेज दुरूस्त रखना, निर्धारित पार्किग/स्थान पर ही वाहन खडा करना, किसी चौक पर सवारी उतारने चढाने का कार्य न करना, चौक के पहले या बाद में सवारी को उतारना, तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाने हेतु समझाईस दी गई साथ ही आज जो ई रिक्शा चालक इस मीटिंग में उपस्थित नहीं हुए है उन सभी तक इन सभी बातो को पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त मीटिंग में यातायात जोन दुर्ग प्रभारी यश करण ध्रुव, यातायात के कर्मचारी एवं 250 ई रिक्शा वाहन चालक उपस्थित रहें।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिया पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ⟨ कुंडा
www.dailypioneer.com

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने श्रद्धांजलि सभा रखकर श्रंद्धांजलि अर्पित किया व उनके जीवन पर प्रकाश डाला । भारत के 13 वें प्रधानमंत्री के रूप में उनके किये गए कार्य पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को सुधारने में उनका योगदान को हमेशा देश याद रखेगा । उनके द्वारा लाये गए शिक्षा के अधिकार ,सूचना के अधिकार,आधार कार्ड,खाद्य सुरक्षा कानून जैसे अनेक योजनाएं भारत देश में लागू किये । उनका जाना देश की क्षति है जिसकी भरपाई नही की जा सकती। श्रंद्धांजलि सभा में राधेलाल भास्कर,सुभाष पूरी गोस्वामी, गुरुदत्त शर्मा, निर्मल सिंग, काशीनाथ ठाकुर, मनीष शर्मा, गिरीराज ठाकुर, शारदा सोनवानी, राज कुमार अनंत, शैलेन्द्र गुप्ता, अतुल बारगाह, घनश्याम साहू, वैभव ठाकुर, राम कुमार गायकवाड़, मनोज राजपूतरवि मानिकपुरी, विवेक जैन, चंद्रभान टन्डन, लक्ष्मण राय, विनोद यादव, अकबर खान, सुनील ठाकुर, छेदी जायसवाल, श्यामू धुलिया, विकास देवांगन, सुजीत कुम्भकार, हाकिम खान,सोनू यादव, मनोज गायकवाड़,रोहित बर्मन, मुकेश सँवरा, कृष्णा डाहीरे, श्रवण डाहीरे अर्जुन साहू, दिलीप चंद्रवंशी, थलेश देवांगन, जलेश यादव, शाहदील खान, गोलू खान, नरेश धुलिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का किया गया नष्टीकरण

## लगभग 11 हजार बल्क लीटर जप्त अवैध शराब नष्ट

पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद.
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का निराकरण किया गया। जिला-गरियाबंद के अलग-अलग थानों से जप्त लगभग 11,000 बल्क लीटर जप्त अवैध शराब को न्यायालय परिसर, गरियाबंद में नष्ट किया गया। मान् प्रभारी अधिकारी मालखाना अनुभाग जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, गरियाबंद मती तजेश्वरी देवी देवांगन के निर्देशन में उक्त अवैध शराब का विधिवत् नष्टीकरण किया गया। उक्त नष्टीकरण प्रकिया सफलतापूर्वक संपन्न किये जाने हेतु मान् अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी यशवंत वासनीकर, तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद मती छाया सिंह, वर्तमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद मती अनीता ध्रुव, मान् न्यायिक मजिस्टेट कनिष्ठ श्रेणी, गरियाबंद प्रशांत कुमार देवांगन, मान् पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद निखिल अशोक राखेचा एवं मान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर, नायब नाजिर प्रवेश शेण्डे, सेल अमीन उमेश कुमार एवं ओमप्रकाश जायसवाल, आरक्षक गरियाबंद का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने में न्यायालयीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण प्रेमकुमार सोनवाने, रेणुप्रसाद गिलहरे, देवलाल ठाकुर, गोकुलराम ध्रुव, बालकृष्णा सोनवानी, हीरासिंह ध्रुव एवं दामोदर सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

## एसएसआईपीएमटी रायपुर इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा : प्राचार्य

# श्री शंकराचार्य कॉलेज रायपुर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉफ्रेंस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री शंकराचार्य कॉलेज रायपुर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रें स का आयोजन किया जा रहा है. इस कॉन्फ्रें स के मुख्य अतिथि डॉ निशांत चंदेल ने कहा गया कि शिक्षा का विकास तभी संभव है, जब उसमें निरंतर रिसर्च होता रहे. मेडिकल सेक्टर शोध की प्रक्रिया विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में ज्यादा महत्वपूर्ण है. टेक्निकल यूनिवर्सिटी के प्राचार्य डॉ आरएन खरे ने कहा कि एसएसआईपीएमटी रायपुर इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निशांत त्रिपाठी चेयरमैन (बीजी) कहां कि शिक्षा की नई पीढ़ी में स्टार्टअप इनोवेशन एवं रिसर्च का विशेष महत्व है एवं मेडिकल के क्षेत्र में एसएसआईपीएमटी में हो रही कॉन्फ्रें स में 700 से ज्यादा रिसर्चर ऑनलाइन और ऑफलाइन पेपर पब्लिश हो रहें हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साउथ कोरिया से आए प्रो चुंग यंग सु ने शिक्षा में रिसर्च एक्टिविटी को बहुत महत्वपूर्ण बताया। प्रो चंग ने कहा कि भारत में रिसर्च की असीम संभावनाएं भी हैं और टैलेंट भी हैं। उन्होंने एसएसआईपीएमटी के आइडिया लैब में चल रहे विभिन्न रिसर्च प्रोजेक्ट्स की भरपूर सराहना की। कॉन्फ्रेंस के कॉर्डिनेटर डॉ सुमन स्वर्णकार ने कहा की चेंज और डेवलपमेंट साथ साथ चलने वाली प्रक्रिया है। यदि इस डेवलपमेंट में हेल्थकेयर सेक्टर में सस्टेनेबिलिटी आती है तो नए जनरेशन की मेडिकल समस्याओं को हल करना सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि एसएसआईपीएमटी इस क्षेत्र में काम करने वाली राज्य की सबसे अग्रणी संस्था है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ आलोक जैन ने कहा कि पूरे विश्व में नए नए रोग आ रहे है इसलिए मेडिकल वेलफेयर के लिए इनोवेशन और रिसर्च की आवश्यकता है जिससे भारत पूरे विश्व में अग्रणी रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो आनंद ताम्रकार ने कहा कि एसएसआईपीएमटी कुल 49 संस्थाओं में से एक है जहां भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की अग्रणी संस्था एआईसीटीई के आईडिया लैब के सहयोग से आइडिया लैब स्थापित हुआ है जिसमें 40 से अधिक प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान : 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया

पायनियर संवाददाता ⟨ महासमुंद
www.dailypioneer.com

समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अभियान के तहत जिला जेल महासमुंद में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# पायनियर हलचल...

## डबल नहीं, अब तिबल इंजन

छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार में चारों ओर सांय-सांय विकास हो रहा है। डबल इंजन के बाद अब यहां तीसरे इंजन की दरकार है। दरअसल यहां केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार को डबल इंजन की सरकार कहा जाता है। इसी कान्सेप्ट को अपनाते हुए नगरीय निकायों को तीसरा इंजन कहा जाने लगा है। वर्तमान में तीसरे इंजन का ज्यादातर हिस्सा कांग्रेस के पास है। लेकिन यह इंजन भाजपा में जुड़ जाए इसके लिए पूरी कवायद की जा रही है। इस इंजन के जुड़ते ही यहां डबल नहीं, बल्कि तिबल इंजन की सरकार हो जाएगी। तिबल इंजन के स्पीड की कल्पना आप स्वयं कर सकते हैं। सरकार तीसरे इंजन यानि की नगरीय निकायों में किसी भी हाल में अपना कब्जा बनाना चाह रही है। इसके लिए निकाय चुनावों की तिथि में अभी और संशोधन होने की पूरी सम्भावना है। कुछ दिनों तक यह माना जा रहा था कि 27-28 दिसम्बर को महापौरों और अध्यक्षों की आरक्षण प्रक्रिया समाप्त होते ही चुनाव का ऐलान हो जाएगा। लेकिन आरक्षण प्रक्रिया को 10 दिन के लिए टाल दिया गया है। स्वाभाविक है प्रक्रिया लेट होने से चुनाव भी देर से होंगे। बहरहाल चुनाव जब भी हों लेकिन राज्य में अब डबल इंजन नहीं, बल्कि तिबल इंजन की सरकार चलते दिखेगी।

## संवाद

राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद सार्वजनिक रुप से सम्भवतः पहली बार भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने पत्रकारों से संवाद किया। नितिन नवीन के इस संवाद में राज्य के पत्रकारों ने हंसी-मजाक में ही सही लेकिन छत्तीसगढ़ संवाद की पूरी व्यथा सुना दी। इस संवाद में संवादहीनता के मुद्दे भी हंसी ठहाकों के बीच गूंजते रहे। कहते हैं कि एक पत्रकार द्वारा संवादहीनता की बात उठाते ही कइयों ने इस पर अपनी-अपनी पीड़ा जाहिर कर दी। नितिन नवीन ने भी इसे संवादहीनता की श्रेणी का दर्जा देते हुए सकारात्मक पहल करने की बात कही। पत्रकारों ने यह भी कह दिया कि आप इतना सकारात्मक रुप से हम सब से मिलकर सभी तरह की बातें कर सकते हैं, तो सिस्टम में बैठे लोग मीडिया से दूरी बनाते क्यों नजर आ रहे हैं? खैर इस मुलाकात से पत्रकार और भाजपा संगठन के पदाधिकारी दोनों उत्साहित दिखे। अब इस संवाद का छत्तीसगढ़ संवाद पर कितना असर होगा यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बदले जाएंगे मंत्री?

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राजकाज में रुचि रखने वाले हर व्यक्ति ने अपने-अपने तरीके से तथ्यों को जनता के सामने रख दिया। लेकिन मंत्रिमण्डल का विस्तार अभी सिर्फ कायासों तक ही सीमित नजर आ रहा है। दरअसल कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली में कुछ नेताओं के साथ बैठक हुई। यह बैठक किन मसलों को लेकर आयोजित की गई? बैठक का एजेन्डा क्या था? इसको लेकर अभी तक जनता के पास आधा सच ही पहुंच पाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों और संगठन के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक क्यों की? इस बैठक में राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश जो कि यहां के क्षेत्रीय प्रभारी भी हैं उनके अलावा कोई भी बड़े राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद नहीं थे। उसके बाद भी यह बैठक दिल्ली में क्यों आयोजित की गई? बैठक राजधानी रायपुर में भी आयोजित की जा सकती थी फिर भी छत्तीसगढ़ के नेता दिल्ली क्यों पहुंचे? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों जनता के बीच घूम रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि मंत्रिमंडल से 2-3 चेहरे हटाए जा सकते हैं, इस संदर्भ में बात लीक न हो इसलिए इस बैठक का आयोजन दिल्ली में किया गया। तो कुछ लोगों का मानना यह है कि 2 नाम तय कर लिए गए हैं, बस औपचारिक ऐलान कर उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही एक वर्ग का मानना यह भी है कि जब नगरीय निकाय चुनाव सामने हों तो भला कौन सिर्फ दो नेताओं को मंत्री बनाकर खुश करेगी और दर्जनों को नाराज करने का जोखिम उठाएगी। बहरहाल मंत्री जो भी बने इन दिनों कयासों का दौर चल पड़ा है।

## लखमा एण्ड लखमा

छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। इस बीच लखमा एण्ड लखमा के यहां ईडी ने दबिश दी है। दरअसल यहां हम लखमा एण्ड लखमा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि दो लखमा के यहां दबिश दी गई है। पहले लखमा हैं राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा तो दूसरे लखमा हैं उनके पुत्र हरीश लखमा। दोनों के यहां ईडी ने कार्रवाई की है। अब लखमा के दाएं हाथ यानि की सुशील ओझा और बांये हाथ सद्दाम सोलंकी की तलास ईडी को है। शराब घोटाले मामले में ईडी परत दर परत उधेड़ रही है। आबकारी एमडी एपी त्रिपाठी उनके बाद आबकारी आयुक्त रहे आईएएस निरंजन दास, कारोबारी अनवर ढेबर आदि पर पहले ही ईडी ने शिकंजा कस दिया है। इसी बीच लखमा एण्ड लखमा के यहां छापे को भी शराब घोटाले से जोड़ा जा रहा है। दरअसल आबकारी घोटाले पर आरोप है कि पूर्व मंत्री लखमा को 50 लाख रुपये प्रतिमाह कमीशन के रुप में दिए जाते थे। इसमें सद्दाम और ओझा की भी महतवपूर्ण भूमिका रही है। बहरहाल ईडी मामले की जांच कर रही है, जांच पूरी होने के बाद ही असली सच सामने आ सकेगा।

## और कितनी लिओनी

राज्य के महतारी वंदन योजना में सन्नी लियोनी का नाम भी जुड़ गया। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में उठाये गए इस महत्वपूर्ण प्रयास में अफसरों की लापरवाही के कारण यह महती योजना धूमिल होती नजर आ रही है। लियोनी का नाम जुड़ने से देश-विदेश में इस योजना की चर्चाएं हो रही हैं। अधिकारी-कर्मचारियों ने महतारी वंदन की राशि लियोनी को भी देने में कोई कोताही नहीं बरती। यह बात अलग है कि सन्नी लियोनी को उक्त राशि नहीं मिली, उसे बिचोलिए ने ही डकार लिया। लेकिन सवाल यह उठता है कि जनता के रुपयों को क्या ऐसे ही बर्बाद किया जाएगा? क्या सिस्टम की खामियों की शिकार सिर्फ लियोनी बस हुई हैं? या और एक्टर भी महतारी वंदन की राशि का लाभ ले रहे हैं? इस घटना के बाद जनमानस में ऐसी आशंकाएं होना वाजिब भी है। एक साल बीत जाने के बाद भी वास्तविक हितग्राहियों की जांच क्यों नहीं की जा रही है? इस योजना के लिए अब तक कोई क्राइटेरिया क्यों तय नहीं की गई? वास्तव में इसके जांच की आवश्यकता है, क्योंकि ऐसे ही न जाने कितनी कथित सन्नी लियोनी राज्य की महतारियों के हक में डांका डालने का काम कर रही होंगी।

## एक और सिंडिकेट घोटाले का पर्दाफाश

660 करोड़ की रिएजेंट खरीदी का मामला नया मोड़ ले सकता है। दरअसल इसके लिए राज्य सरकार ने विधानसभा में ईओडब्ल्यू से जांच कराने की घोषणा की है। मार्केट दर से कई गुना में खरीदी का मामला शीतकालीन सत्र में मुद्दा बना रहा। माना जा रहा है कि इसमें भी सिंडिकेट रुप से घोटाला किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में खुद स्वीकार किया है कि एक बार डिमांड के आधार पर खरीदी की गई है, तो दूसरी खरीदी आनन-फानन में बिना डिमांड के की गई है। स्वास्थ्य मंत्री के इस जवाब ने सिर्फ सीजीएमएससी बस को कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता है, बल्कि तत्कालीन संचालक भी इस बयान के बाद निशाने पर हैं। क्योंकि बिना डिमांड के खरीदी की ही नहीं जा सकती। लेकिन जब जिलों से डिमांड नहीं थी उसके बाद भी संचालक ने खरीदी के लिए क्यों कहा? उसके बाद सीजीएमएसी ने औने-पौने दाम में खरीदी क्यों की? ऐसे तमाम सवालों ने यहां पर भी सिंडिकेट रुप से किए गए भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं। बहरहाल अब मामले की जांच के बाद ही दवाइयों और रिएजेन्ट खरीदी में हुए सिंडिकेट घोटाले का पर्दाफाश होगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि, काम समय से पूरा हो इसका ध्यान रखें : ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि अधोसंरचना विकास को लेकर जो भी प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं उनका प्रस्ताव भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करें। सड़क, पुल पुलिया, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल कॉलेज तथा अन्य दूसरे विभागों से जुड़े के कामों की रूपरेखा आने वाले 20 सालों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। ये प्रोजेक्ट ऐसे हों जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम काज की गहन समीक्षा की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों और आगे की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, सेतु, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, नगर निगम, केलो परियोजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभागों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ इन विभागों में आगे के प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर विभाग प्रमुखों को भेजें। जिससे इन्हें बजट में शामिल किया जा सके। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। जितने भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं अधिकारी इनका नियमित निरीक्षण करें। क्वालिटी मॉनिटरिंग पर सभी का फोकस होना चाहिए। समय-सीमा में काम पूरा हो इसका ध्यान रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ स्टाइलो मंडावी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बढ़ रहे अपराध एवं सुखा नशा के विरोध में शिवसेना ने सौंपा न्यू राजेंद्र नगर थाना प्रभारी को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व मे न्यू राजेंद्र थाना क्षेत्र मे बढ़ रही अपराध, सुखा नशा के विरोध थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सुखा नशा के कारण ही जगह-जगह लूट-पाट चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है और शहर में सुखा नशा का व्यापार राजेंद्र नगर थाना के अंतर्गत खूब फुल-फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ों की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश नेता आशीष परिडा, संजय सोनकर, किशन साहू, गोविंद साहू, संजू साहू, नरेन्द प्रजापति, तरुण, गिरिराज, बबलू सोना, सागर कुम्हार, आकाश मसी, जॉनी मोंगराज, कमल, धनंजय, मनीष, नरेश, लोकेश, हीरेन्द, खिलेश, परमेश्वर के साथ सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित हुए।

# स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अपने दिवंगत नेता के तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित कांग्रेसजनों स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यो को देश के लिये उनके योगदान तथा प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके द्वारा किये गये महान कार्यो को याद किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देश भक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने देश और दुनिया की अविस्मरणीय सेवा किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रो के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री के रूप में अर्थशास्त्री के रूप में देश के लिये उनका योगदान अतुलनीय रहा है। आम आदमी को पहचान देने आधार कार्ड हो या आम आदमी को सशक्त बनाने के लिये सूचना का अधिकार का कानून देना या फिर किसानों को उनके जमीन का पूरा हक देने के लिये भूमि अधिग्रहण कानून बनाना हो या फिर सड़क के किनारे काम करने वाले ठेले खोमचे वाले के लिये वेंडर प्रोटेक्शन कानून बनाना या फिर रोजगार को कानून का अधिकार देने मनरेगा लाना हो, शिक्षा का अधिकार देना हो। प्रधानमंत्री के रूप मे मनमोहन सिंह जी ने इस देश के आम आदमी सशक्त बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये। उनका निधन भारत के लिये, देश की राजनीति के लिये कांग्रेस पार्टी के लिये अपूरणीय क्षति है।

# क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिलतरा के हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड फैक्ट्री में क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है। क्रेन गिरने से ऑपरेटर जितेंद्र श्रीवास और सोनू राय नामक दोनों ऑपरेटर के शव हजारों टन लोहे में दब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री की है। बताया जा रहा है कि रात को हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम और पुलिस प्रशासन ने मलबा हटाने में जुटे। इधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें प्रबंधन द्वारा दोनों की मौत की सूचना नहीं दी गई, बल्कि साथी कर्मचारियों ने हादसे की सूचना दी। रात 2:00 बजे तक परिजनों को मृतकों को देखने नहीं दिया गया। देर रात तक मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मलवा हटाने में जुटी थी। सीएसपी अमन झा ने बताया कि हादसा किस कारण से हुआ या जांच का विषय है। दो लोगों की मौत हुई है। इधर पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दो तस्करों से तेंदुए एवं भालू की खाल बरामद





■ रामानुजगंज वन परिक्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत पर्यटक स्थल पलटन घाट के समीप दो तस्करों से तेंदुआ एवं भालू की खाल बरामद की गई है। तस्करों ने खाल को पल्सर बाइक एवं स्कूटी से लेकर जा रहे थे। उक्त आरोपियों को वाइल्ड लाइफ एवं दस्ते की टीम के द्वारा पकड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय अनिल कुमार निवासी बभनी जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश एवं 37 वर्षीय रामबचन निवासी पुरानी डीह पुलिस थाना रामानुजगंज जिला बलरामपुर के रूप में हुई है। उड़नदस्ता टीम ने आरोपी तस्कर अनिल कुमार से पल्सर वाहन क्रमांक यूपी 64 एडी 0806 एवं रामबचन से स्कूटी क्रमांक सीजी 30 ई 1027 को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,50 एवं 51 के तहत कार्रवाई की गई हैं। गौरतलब है कि शनिवार के शाम राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल टीम को सूचना मिली कि पल्टन घाट में तस्करों के द्वारा जानवरों की खाल की तस्करी की जा रही है तत्पश्चात आगे कि कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में वाइल्ड लाइफ क्राईम कंट्रोल की उड़नदस्ता टीम के अलावा प्रभारी डीएफओ अशोक तिवारी, एसडीओ संतोष पांडेय, डिप्टी रेंजर विजय सिंह, विजय नाथ तिवारी, दयाशंकर सिंह, सुषमा भगत, रामदुलारे यादव, मंगल चंद्र राम, राजनाथ सिंह, खलेश्वर पैकरा, कृष्णा पैकरा, पिंटू मालाकार एवं बसंत प्रसाद रमन सहित वन विभाग के अन्य कर्माचरि गण शामिल रहे।

**हाथी दातों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार** – जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में हाथी के दो दातों के साथ वन विभाग के उड़नदस्ता टीम ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। वाड्रफनगर एसडीओ फारेस्ट अनिल सिंह पैकरा ने बताया कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम को हाथी दातों के बिक्री की कोशिश की जानकारी मिली थी। अमले ने आरोपियों को पकड़ने के लिए हाथी दांतों का सौदा करने का झांसा दिया। उड़नदस्ता टीम ने हाथी दांतों के साथ मोहन सिंह 24 निवासी रघुनाथनगर, बलरामपुर, लक्ष्मण सिंह 30 निवासी गोविंदपुर, सूरजपुर और दिलदार सिंह 27 निवासी गोवर्धनपुर, बलरामपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## आईटी कंपनी में एरिया मैनेजर के घर 10 लाख की चोरी

**रायपुर।** आईटी कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत आशीष रंजन अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के देहांत पर नालंदा, बिहार गए हुए थे। जब वे 27 दिसंबर को लौटे, तो उन्होंने अपने घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ पाया। घर के अंदर का दृश्य चौंकाने वाला था। हर जगह सामान बिखरा हुआ था, अलमारियां टूटी हुई थीं, और उनमें रखे हुए 2 लाख रुपए नकद और लगभग 8 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। चोरी की कुल रकम करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पंडरी थाने में दर्ज कराई है, और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

30 Dec. 2024 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध। 1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY ANNIVERSARY BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
■ हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लव्स ■ राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70% | पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403